# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025


MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

के दूरदर्शी नेतृत्व में

देश का हृदय प्रदेश लिख रहा

विकास की नई गाथा

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## उद्घाटन

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा


गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**

राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



CII Confederation of Indian Industry

**24 फरवरी, 2025 । प्रात: 10:00**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल**

EY Shape the future with confidence

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP www.investmp.in

D-11193/24

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
CII Confederation of Indian Industry
EY Shape the future with confidence

# अनंत संभावनाओं की भूमि मध्यप्रदेश में आपका स्वागत है

औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दृढ़ प्रतिबद्धता से मध्यप्रदेश में निवेश का मजबूत ईको सिस्टम विकसित हुआ है। अपनी निवेशक अनुकूल नीतियों एवं 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन 30 डेज़', एकल खिड़की व्यवस्था, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में अग्रणी एवं अपार संसाधनों के साथ प्रदेश निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष – 2025

## कार्यक्रम

### 24 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| प्रातः 7:30 | पंजीयन |
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 11:45–सायं 6:30 | टेक इन्वेस्ट – समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:45–दोपहर 2:00 | नवीनीकृत मध्यप्रदेश – समिट हॉल 2 |
| दोपहर 3:15 - सायं 7:00 | फीडर सोलराइजेशन समिट : 2000 मेगावॉट कुसुम सी की प्रीबिड – समिट हॉल 2 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 11:45 –दोपहर 12:45 | ग्लोबल साउथ पर सेशन – कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:45–1:45 | जर्मनी और मध्यप्रदेश के लिए निवेश रणनीतियों पर सत्र – कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:30 | जापान और मध्यप्रदेश के बीच आर्थिक सहयोग पर सत्र - कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 11:45–दोपहर 12:45 | मॉलिक्यूल टू मशीन (फार्मा एवं मेडिकल डिवाइसेस)- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 1:15–2:15 | इन्वेस्टिंग इन ह्यूमन कैपिटल (स्किल डेवलपमेंट) - सेशन हॉल 1 |
| सायं 4:30–5:30 | सड़क निर्माण के बुनियादी ढांचे में गति लाना : निवेश, नवाचार और संभावनाएं - सेशन हॉल 3 |
| | **सीआईआई मीटिंग** |
| दोपहर 2:00-3:00 | महिला उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप्स के लिए नेटवर्किंग के अवसरों पर सीआईआई आईडब्ल्यूएन सत्र - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:00–सायं 4:00 | सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 4:00–5:00 | सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई काउंसिल मीटिंग - कॉन्फ्रेंस हॉल |
| सायं 5:00-7:00 | द विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 3:30–सायं 4:00 | एमओयू सेशन – सेशन हॉल 3 |

### 25 फरवरी 2025

| | |
|---|---|
| | **सेक्टर आधारित सत्र** |
| प्रातः 9:30–11:15 | मध्यप्रदेश प्रवासी समिट- समिट हॉल 2 |
| प्रातः 10:30–दोपहर 12:30 | पर्यटन समिट- समिट हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 1:30 | माइनिंग समिट- समिट हॉल 2 |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप समिट – मुख्य हॉल |
| दोपहर 2:00–सायं 4:00 | शहरी विकास समिट- समिट हॉल 1 |
| | **प्री-बिड सेशन** |
| प्रातः 10:00–11:30 | मुरैना सोलर- बीईएसएस प्रोजेक्ट– सेशन हॉल 1 |
| प्रातः 11:30–दोपहर 12:00 | मुरैना यूपी-एमपी कॉम्प्लिमेन्टैरिटी प्रोजेक्ट- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 12:00–2:00 | रूफटॉप सोलर (RESCO)- सेशन हॉल 1 |
| | **पार्टनर कन्ट्री सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | कनाडा राउन्ड टेबल- कॉन्फ्रेंस हॉल |
| दोपहर 12:00–1:00 | बहुराष्ट्रीय निवेश सत्र- कन्ट्री सेशन हॉल |
| दोपहर 2:30–3:30 | पोलैंड कन्ट्री सेशन- कन्ट्री सेशन हॉल |
| | **थीमेटिक सेशन** |
| प्रातः 10:30–11:30 | नए युग का आरंभ (वस्त्र एवं परिधान)- सेशन हॉल 2 |
| प्रातः 11:00–दोपहर 12:30 | फ्यूचर फ्रंटियर्स- एमपी स्टार्टअप पिचिंग सेशन- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 12:00–1:00 | सीड टू शेल्फ (खाद्य प्रसंस्करण एवं बागवानी)- सेशन हॉल 2 |
| दोपहर 12:30–1:30 | थीमेटिक सेशन (को-ऑपरेटिव)- सेशन हॉल 3 |
| दोपहर 2:30–3:30 | ग्रीन हाइड्रोजन- सेशन हॉल 1 |
| दोपहर 2:00–3:00 | लॉजिस्टिक्स: दुनिया से जुड़ता मध्यप्रदेश- सेशन हॉल 2 |
| | **इन्वेस्ट मध्यप्रदेश समापन सत्र** |
| सायं 4:30–6:00 | ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट - मुख्य हॉल |

## फोकस सेक्टर

- कृषि, खाद्य और डेयरी प्रसंस्करण
- ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स
- टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स
- फार्मा, मेडिकल डिवाइस और हेल्थ केयर
- आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम
- नवीकरणीय ऊर्जा
- लॉजिस्टिक्स एवं भंडारण
- प्राकृतिक गैस एवं पेट्रो रसायन
- एयरोस्पेस एवं डिफेंस
- पर्यटन
- माइनिंग
- कौशल निर्माण
- शहरी विकास

अधिक जानकारी के लिये
invest.mp.gov.in

## मुख्य आकर्षण

- एमपी मोबिलिटी एक्सपो
- सेंट्रल इंडिया फेब्रिक एंड फैशन एक्सपो
- ओडीओपी विलेज
- कन्ट्री सेशन
- एमपी पवेलियन
- एग्जीबिशन एवं एक्सपो
- एमपी बिजनेस एग्जीक्यूटिव मीट (बी2बी मीटिंग)
- मध्यप्रदेश सरकार एवं बिजनेस मीट (बी2जी मीटिंग)

D-11193/24

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## विस का धमाकेदार बजट सत्र आज से, 3 को वित्त मंत्री पेश करेंगे बजट

राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा सत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। 24 फरवरी से 21 मार्च तक चलने वाले सत्र में 17 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी 3 मार्च को बजट पेश करेंगे। सत्र में विधानसभा सदस्यों ने कुल 2425 प्रश्न लगाए हैं, इनमें 1248 तारांकित और 1177 अतारांकित सवाल शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पहले ही ▶▶ शेष पेज 6 पर

### विधायकों को लंदन और सिंगापुर ले जाने पर विचार

उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा सदस्यों का आईआईएम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाएगा। विधानसभा को पूर्णतः डिजिटलाइजेशन करने की तैयारी है। आईआईएम के प्रशिक्षण के बाद जरूरत के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

## विस अध्यक्ष, मंत्री-विधायक आज करेंगे निरीक्षण उससे पहले जानिए छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा

सौर ऊर्जा से जगमगाएगा पूरा भवन दिसंबर तक तैयार होने का अनुमान





फ्रंट का काम पूरा हुआ



कुछ हिस्सों में चल रहा काम



भीतरी हिस्से में लगेगा वक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में नए विधानसभा भवन की सौगात इस साल के अंत तक मिल जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिसंबर में नए विधानसभा भवन का लोकार्पण कर सकते हैं। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ सभी मंत्री और विधायक नवीन विधानसभा का निरीक्षण करने जाएंगे। निरीक्षण के पहले हरिभूमि ने नवा रायपुर के सेक्टर-19 में बन रहे नए भवन का निरीक्षण किया। 217.12 करोड़ की लागत से लगभग 52 एकड़ में बने रहे नया विधानसभा भवन के नए भवन का काम ▶▶ शेष पेज 6 पर

## छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार बिना कवासी के विधानसभा सत्र

1998 से 2023 तक लगातार विधायक चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस सत्र में एक ऐसा बदलाव नजर आने वाला है, जो छत्तीसगढ़ राज्य गठन से लेकर अब तक देखने में नहीं आया था। दरअसल बदलाव यह दिखेगा कि विधानसभा के इस बजट सत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री कवासी लखमा नजर नहीं आएंगे। इससे पहले राज्य गठन से लेकर अब तक यानी विधानसभा के पिछले शीतकालीन सत्र में भी कवासी लखमा सत्र में होते थे, लेकिन इस बार जेल में होने के कारण वे सत्र में मौजूद नहीं ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 1998 से विधायक लखमा, विधानसभा चुनाव कभी नहीं हारे

कवासी लखमा कांग्रेस के उन गिन-चुने विधायकों में हैं, जो कभी विधानसभा चुनाव नहीं हारे। वे पहली बार 1998 में तत्कालीन मप्र के समय पहली बार विधायक बने थे। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बन जाने के बाद वे राज्य की पहली विधानसभा के सदस्य बन गए। इसके हुए विधानसभा चुनाव 2003, 2008, 2013, ▶▶ शेष पेज 6 पर

# सबसे बड़े मुकाबले में टीम इंडिया की पाक पर विराट जीत, देशभर में जश्न

चैंपियंस ट्रॉफी

**51वां विराट शतक** | 6 विकेट से जीता भारत | 259 दिन बाद बदला पूरा | 100 रन से विराट हीरो

### कोहली का वर्ल्ड रिकॉर्ड सबसे तेज 14000 रन पूरे

भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़कर वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने 287 पारियों में वनडे पारियों में 14000 रन पूरे किए, जबकि सचिन ने इस उपलब्धि तक पहुंचने में 350 पारियां ली थी। वहीं, संगाकारा ने 378 पारियों में 14000 वनडे रन पूरे किए थे।

- 158 कैच विराट के नाम
- 14 हजार रन विराट कोहली के पूरे





### स्कोर बोर्ड

- 241/10 : पाकिस्तान
- 244/4 : भारत

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के होई वोल्टेज महामुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान लगातार दो हार से अंतिम-4 की रेस से भी लगभग बाहर हो गया। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला 256 दिनों के बाद खेला गया। इससे पहले दोनों टीमें पिछले साल टी20 विश्व कप में एक दूसरे के सामने थीं। भारतीय स्टार विराट कोहली ने वनडे में अपने कॅरियर का 51वां शतक लगाते हुए सबसे तेज 14000 रन पूरे किए। पाकिस्तान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 42.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 244 रन बनाते हुए 6 विकेट से मैच ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 15 महीने बाद निकली सेंचुरी

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर जमकर चला है। उन्होंने 15 महीने बाद वनडे क्रिकेट में अपना शतक जमाया है। कोहली ने 111 गेंदों पर शतक पूरा किया। वनडे क्रिकेट में कोहली का यह 51वां शतक है। ऐसा करने वाले वो दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर 49 शतक के साथ दूसरे नंबर पर हैं। कोहली ने इससे पहले 15 नवंबर 2023 को शतकीय पारी खेली थी। तब कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े में हुए मुकाबले में 117 रन बनाए थे।

### भारत के जीत पर जयस्तंभ चौक में मना जश्न

रायपुर। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए क्रिकेट मुकाबले में रविवार को भारत ने शानदार जीत दर्ज की, जिससे क्रिकेट प्रेमियों के बीच जश्न का माहौल बन गया। जयस्तंभ चौक में ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया गया। इस दौरान जयकारों, भारत माता की जय के नारे और रंग-बिरंगी आतिशबाजी से पूरा वातावरण गूंज उठा। युवाओं ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए डांस किया, तालियां बजाई और एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी।

### आईआईटी बाबा की भविष्यवाणी फर्जी निकली

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ से चर्चित हुए आईआईटी बाबा उर्फ अभय सिंह की भविष्यवाणी गलत साबित हो गई। दरअसल, इस समय क्रिकेट प्रेमियों के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबलों को लेकर खूब चर्चा हो रही थी। इस बीच, बाबा के वायरल हो रहे वीडियो में आईआईटी बाबा कहते दिख रहे हैं कि इस बार हम इनको हरवा देंगे, तब तो मानोगे। जीत के नहीं माने। इस बार मैं पहले से बोल रहा हूं, इंडिया नहीं जीतेगी। विराट कोहली चाहे कोई अन्य एड़ी-चोटी का जोर लगा ले।

### भारत के वनडे कैचर

| कैच | खिलाड़ी |
|---|---|
| 158* | विराट कोहली |
| 156 | मोहम्मद अजहरुद्दीन |
| 140 | सचिन तेंदुलकर |
| 124 | राहुल द्रविड़ |
| 102 | सुरेश रैना |

### विराट के 158 कैच

कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में खेले जा रहे मैच में एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कोहली भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले फील्डर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने नसीम का कैच पकड़ने के साथ ही अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ा दिया। कोहली के अब वनडे में 158 कैच हो गए हैं, जबकि अजहरुद्दीन ने वनडे में भारत के लिए 156 कैच पकड़े थे।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस तैयार करेगी 'रोडमैप'

8-9 अप्रैल को अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने रविवार को घोषणा की कि वह गुजरात के अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन आयोजित करेगी। इसमें भाजपा की 'जनविरोधी' नीतियों से उत्पन्न चुनौतियों, संविधान पर उसके कथित हमले और आगे का 'रोडमैप' तैयार करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि आगामी अधिवेशन न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं को दूर करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प को भी प्रदर्शित करेगा। वेणुगोपाल ने कहा, यह महत्वपूर्ण अधिवेशन देश भर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा, जहां वे भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे तथा पार्टी की भावी कार्ययोजना तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि सत्र 8 अप्रैल को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक के साथ शुरू होगा जिसके बाद 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि एआईसीसी का यह अधिवेशन बेलगावी विस्तारित सीडब्ल्यूसी बैठक (नव सत्याग्रह बैठक) में अपनाए गए प्रस्तावों की अगली कड़ी के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जो 1924 के कांग्रेस ▶▶ शेष पेज6 पर

### सोनिया, खड़गे समेत ये नेता होंगे शामिल

वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ पार्टी नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### इधर, थरूर के बगावती तेवर



पीएम मोदी और केरल में पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार की प्रशंसा करके कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ गए हैं। इस बीच, थरूर ने पलटवार करते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए उपलब्ध हैं, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है तो उनके पास दूसरे विकल्प भी मौजूद हैं। एक अखबार के मलयालम के पॉडकास्ट में बोलते हुए शशि थरूर ने हालांकि पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि भले ही विचारों में मतभेद हों, लेकिन वह कांग्रेस छोड़ने के बारे में नहीं सोच रहे।




## पंचायत चुनाव का फाइनल खत्म, 77 फीसदी से ज्यादा वोटिंग, कुछ जगह विवाद-मारपीट

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रविवार को हुए मतदान के साथ ही इन चुनावों का तीसरा और अंतिम चरण भी पूरा हो गया। तीसरे चरण में कुल 77.54 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही गिनती के साथ ही परिणामों की अघोषित जानकारियां सामने आ रही हैं। हालांकि निर्वाचन आयोग टेबुलेशन के बाद ही अंतिम परिणाम जारी करेगा। तीसरे दौर का चुनाव में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। अंतिम चरण में पुरुषों ने 77.21 प्रतिशत तथा महिलाओं ने 77.93 प्रतिशत मतदान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तीसरे चरण का चुनाव राज्य के 50 विकासखण्डों में हुआ। पूरे राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11 हजार 671 एवं वार्ड (पंच) के 1 लाख 60 हजार 161 सहित कुल 1 लाख 75 हजार 258 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न हो गया है, जिसमें 78 लाख 20 हजार 202 पुरुष मतदाता, 79 लाख 92 हजार 184 महिला मतदाता एवं 194 अन्य मतदाता सहित कुल 1 करोड़ 58 लाख 12 हजार 580 मतदाता त्रिस्तरीय पंचायतों के आम ▶▶ शेष पेज 6 पर



### सीएम साय ने परिवार संग लोकतंत्र के महापर्व में निभाई भागीदारी

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जशपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल के शासकीय प्राथमिक शाला, बगिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-45 में मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने मतदान केंद्र में कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कवर्धा में बवाल

कवर्धा के दशरंगपुर में दो गुट आपस में भिड़ने की खबर है। बताया गया है कि चुनावी रंजिश के चलते जमकर हुई मारपीट में दोनों गुट के 11 लोग घायल हुए। कवरेज करने गए स्थानीय ग्रामीण पत्रकार की पिटाई होने की जानकारी मिली है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खूंखार नक्सली हिड़मा के इलाके के चार गांवों में आजादी के बाद पहली बार वोटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

माओवाद प्रभावित इलाके पेंटाचिमली, केरलापेंदा, दुलेड़, सुन्नमगुड़ा और पूवर्ती जैसे सुदूर क्षेत्र के मतदाताओं ने 23 फरवरी को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ये सुकमा जिले के ऐसे दूरस्थ माओवाद प्रभावित क्षेत्र हैं, जहां आजादी के बाद पहली बार गांव में मतदान हुआ। सुबह से बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदान ▶▶ शेष पेज 6 पर

### गोद में बच्चे लेकर पहुंची महिलाएं

अपने मताधिकार को लेकर ग्रामीण काफी जागरूक हो चुके हैं। बच्चे को गोद में लेकर पूवर्ती के मतदान केन्द्र में पहुँची मड़कम नंदे ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उहोंने बताया कि गांव में पहली ▶▶ शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे फैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपाचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

**दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।**

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



1961 में जिस मानवीय सहायता के भावनावश यूएसएड आरंभ की थी, आज 63 वर्ष बाद यह सहायता बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका के लिए देशों के विरुद्ध षड्यंत्र करने-फैलाने और सहायता पाने वाले अधिसंख्य मुस्लिम देशों के लोगों के लिए जन्मसिद्ध अधिकार होने का पर्याय बन गई है। 63 वर्ष पूर्व सहायता पाने वाली जिस वैश्विक आबादी में सहायता की प्रतिक्रिया में धन्यवाद की भावना होती थी, अब उस आबादी की वर्तमान पीढ़ी धन्यभावना भूल चुकी है। वह हक की नजर से सहायता लेती है और सहायता के बदले देश-विदेश में कुछ भी कोई भी अराजक कांड करने का माध्यम बन जाती है।

यूएसएड को हक मानकर हड़पने वालों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इत्यादि देशों के आतंकवादी और अवैध काम करने वाले ही नहीं है, बल्कि इन देशों के शासकीय तंत्र के पक्ष और विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। इस प्रकरण में भारत अपवाद नहीं है। यहां भी यूएसएड के संदर्भ में उपरोक्त देशों जैसी इंसानी और तंत्रगत दुष्प्रवृत्तियां हावी रही हैं। अमेरिकी वित्तीय सहायता कार्यक्रम हेतु दुनियाभर के 60 देशों में यूएसएड एजेंसी के कार्यालय हैं। इस एजेंसी का वार्षिक बजट 40 अरब डालर है। भारत तीसरे स्थान पर है जिसे सबसे अधिक एड मिली है। यहां यह वित्तीय सहायता शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्रों हेतु दी जाती है। यह एड मानवों की भलाई के लिए दी जा रही है। किंतु भारत के संदर्भ में तो स्पष्ट दिखता है कि यहां क्रिश्चिन मिशनरीज के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षा, भाषा, जीवनशैली, रहन-सहन और अन्यान्य गतिविधियों में भारत के लोगों को झोंके रखने के मकसद से ही यूएसएड वितरित होती रही है। गत दस वर्षीय भारतीय शासन ने अमेरिकी वित्तीय सहायता के चालचरित्र को पहचान कर उसके प्रतिरोध के लिए जो व जितने भी शासकीय उपाय किये हैं, उनके प्रभाव में ही ट्रंप व एलन मस्क के माध्यम से आज यह रहस्योद्घाटन हो रहा है कि ऐसी सहायता का दुरुपयोग तो भारत में आम चुनाव तक को प्रभावित करने के लिए किया जाता रहा है। दुनिया के शांत व समझदार लोग स्पष्ट देखते आये हैं कि अमेरिका में डेमोक्रेट्स और भारत में कांग्रेस के शासनकाल में कितना राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पराभव घटित होता रहा है। इतना ही नहीं, ऐसे शासन की शासकीय अयोग्यताओं द्वारा अमेरिका और भारत दोनों के ही पड़ोसी देशों में भी भयंकर अराजकता व अस्थिरता उत्पन्न होती रही है। अमेरिकी डेमोक्रेट्स की शासकीय अयोग्यता का दुष्परिणाम दूरी दुनिया ने म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश में तख्तापलट के रूप में देखा ही है। यूक्रेन, रूस, इजरायल व फिलीस्तीन में युद्धगत विनाश के रूप में भी डेमोक्रेट्स का लालच स्पष्ट दृष्टिगोचर है। बांग्लादेश में तो भारत विरोधी राजनीतिक वातावरण निर्मित करने के लिए डेमोक्रेट्स ने यूएसएड की आड़ में 2.9 करोड़ डॉलर फूंके।

वास्तव में हिंदुत्व के विचार के साथ समृद्ध हो रहे भारत को अमेरिका की क्रिश्चियन गुप्त शक्तियां अस्थिर करना चाहती हैं। इस कोशिश में इस्लामिक ताकतें भी समानांतर रूप में हाथ-पैर मार रही हैं। भाजपा के नेतृत्व में आरूढ़ वर्तमान भारतीय शासन ऐसी ताकतों को फूटी आंख नहीं सुहा रहा। अमेरिका में जब-जब डेमोक्रेट्स शासन सत्तारूढ़ हुआ, तब-तब उसके गुप्त शासकीय कार्यक्रमों में शत्रु देशों के विरुद्ध कूटनीतियां बना उन्हें क्रियान्वित करना सदैव प्राथमिकता में रहा। डेमोक्रेट्स के शासन में राजनेता बने कई व्यवसायियों का हथियार विनिर्माण का धंधा है। ऐसे धंधे के फलित होने के लिए दुनिया में युद्ध होते रहने चाहिए ताकि इनके द्वारा निर्मित हथियारों की खपत होती रहे और इनका लाभ बढ़ता रहे। भारत के विरुद्ध भी डेमोक्रेट्स की ऐसी ही योजना थी।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श

मनोज कुमार अग्रवाल



# कॉलेज कैम्पस के माहौल को सुधारने की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा संस्थानों के कैम्पसों से लगातार क्षेत्र नस्ल रंग भेद को लेकर सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ अमानवीयता भरा दुर्व्यवहार करने के समाचार आते रहते हैं। इनका सबसे दुखद पहलू यह है कि कई मामलों में पीड़ित छात्र-छात्रा उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड जैसे कदम उठा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक विषय है। सवाल उठता है कि हमारे कैम्पसों का माहौल टार्चर सेंटर में तब्दील क्यों हो रहा है? सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को रैगिंग के नाम पर उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की हदें पार क्यों कर रहे हैं? ताजा मामलों में ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी के हॉस्टल में एक नेपाली छात्रा का शव बरामद हुआ। आरोप लगाया गया है कि छात्रा को उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के साथ ही मंगलवार को केआइआइटी के तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स को अरेस्ट किया गया। वहीं एक अन्य घटना कर्नाटक के एक मेडिकल कॉलेज में कश्मीरी छात्र के साथ मारपीट और रैगिंग की सामने आयी है। अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रहने वाले सेकेंड ईयर के एमबीबीएस छात्र हमीम के साथ अल-अमीन मेडिकल, विजयपुरा में मंगलवार को क्रिकेट मैच के दौरान यह घटना घटी। 2019 बैच के सीनियर छात्रों ने हमीम को रैगिंग का शिकार बनाया, उसे धमकाया और मारा-पीटा। उन्होंने उसे जबरन माफी मांगने का वीडियो भी रिकॉर्ड करवाया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने इस घटना की निंदा की है और कर्नाटक के मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। हाल ही में 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनीधारा में 15 साल के एक नाबालिग छात्र मिहिर ने हॉस्टल की छब्बीसवी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी थी। आरोप है कि उसे रंगभेद की वजह से सहपाठियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। इससे पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र अनिल मेघानिया को सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के नाम पर तीन घंटे लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया गया। छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह मामले तो नमूनाभर हैं, आए दिन हमारे कॉलेज कैम्पसों से शारीरिक मानसिक दैहिक शोषण की खबरें आ रही हैं। बता दें कि नेपाली छात्रा से जुड़े ताजा मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की स्टूडेंट प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रकृति के बैच का ही भारतीय छात्र उसे प्रताड़ित कर रहा था। स्टूडेंट्स का कहना है कि शिकायतों के बाद भी यूनिवर्सिटी ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वहीं, सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी के नेपाली छात्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि लड़की का मर्डर किया गया था। एक छात्र ने बताया कि हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। यूनिवर्सिटी स्टाफ आए और हॉस्टल खाली करने को कहा। जो लोग जल्दी से सामान पैक नहीं कर रहे थे, उन्हें मारा गया। हमें जबरन हॉस्टल खाली करने पर मजबूर कर दिया गया। दो बसों में भरकर हमें कटक रेलवे स्टेशन पर उतार दिया गया। ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी कैंपस में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट के साथ गलत व्यवहार पर स्टाफ और यूनिवर्सिटी ने माफी मांग ली है। यह प्रदर्शन यूनिवर्सिटी की एक नेपाली स्टूडेंट के सुसाइड के बाद हुआ था। प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर मंजूषा पांडे कहती हैं कि हम 40 हजार से ज्यादा स्टूडेंट को मुफ्त में खाना खिला रहे और पढ़ा रहे हैं। वहीं एक महिला कर्मचारी जयंती नाथ ने चिल्ला कर कहा कि यह आपके देश के बजट के बराबर है। सवाल उठता है कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हैवानियत का निशाना बनाकर कब तक मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर किया जाएगा? क्या हमारे कैंपस अय्याशी और अपराध के अड्डे बन रहे हैं? कई राज्यों के कालेज कैंपसों में नशीले पदार्थों की सप्लाई और नशाखोरी के समाचार भी चिंताजनक हैं। सरकार को कैंपसों को बरबाद होने से बचाने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
## दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित
## प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मातृभाषा का महत्त्व

युनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी 1999 को मातृभाषा दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना भी है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ही नहीं, बल्कि बहुभाषीय देश भी है। हमारे देश में जितनी बोलियां हैं उतनी शायद ही दुनिया के दूसरे देश में बोली जाती हैं। यह खूबी भी हमारे देश की अनेकता में एकता की इज्जत को चार चांद लगाती है। हमारे देश की बोलियों में भारत की सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। देश के सभी राज्यों में चार कोस पर बदले पानी, आठ कोस पर वाणी। इसलिए यहां कोई एक बोली नहीं है, यहां पर कई बोलियां हैं। यहां जितनी भी बोलियां विभिन्न जिलों में बोली जाती हैं, वो एक-दूसरे लोगों को समझ कम आती हैं, इसलिए यहां हिंदी का प्रयोग भी महत्वपूर्ण है। सभी बोलियों का विकास जरूरी है। *- शंकर चंद्राकर, भाटापारा*

## ट्रेंड

### इसरो की सराहना



क्रिकेट की भाषा में शतक एक लोकप्रिय शब्द है, लेकिन हमने आज की 'मन की बात' की शुरुआत खेल के मैदान पर नहीं बल्कि अंतरिक्ष में शतक के साथ की...अपने 100वें प्रक्षेपण पर इसरो की विशेष उपलब्धि की सराहना की।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समाज को नई दिशा



कोई भी खिलाड़ी जब खेलता है तो वह अपने देश के लिए खेलता है, उसका समर्पण, उसका अनुशासन और उसकी टीम भावना द्वारा प्राप्त परिणाम समाज को एक नई दिशा देता है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### रेलवे को सक्षम बनाएं



क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है? मौजूदा समय की ज़रूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेज़ी से प्रयास किए जाने चाहिए।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### सफाईकर्मी को वेतन



महाकुंभ ख़त्म होने को आया लेकिन दो महीने से काम करने वाले सफाईकर्मी को वेतन न मिलना बदइंतज़ामी का एक और सबूत है। सवाल ये है कि उत्तरप्रदेश भाजपा सरकार ने महाकुंभ से जो अरबों कमाये हैं वो कहाँ गये?

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण होगा बहाल

अफगानिस्तान में तालिबान शासन द्वारा लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद एक अफगान महिला रेडियो स्टेशन का प्रसारण फिर से शुरू होगा। तालिबान ने लाइसेंस का अनुचित उपयोग करने का हवाला देते हुए स्टेशन का संचालन रोक दिया था।'रेडियो बेगम' की शुरुआत मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई थी। इसके पांच महीने बाद ही अमेरिका और नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान ने सत्ता पर नियंत्रण हासिल कर लिया था। स्टेशन पर प्रसारित की जाने वाली सामग्री अफगान महिलाओं द्वारा तैयार की जाती है। इसका सहयोगी उपग्रह चैनल 'बेगम टीवी' फ्रांस से संचालित होता है और सातवीं से 12वीं कक्षा तक के अफगान स्कूली पाठ्यक्रम को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रसारित करता है। तालिबान ने देश में महिलाओं और लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार रात जारी एक बयान में कहा कि 'रेडियो बेगम' ने परिचालन पुनः आरंभ करने की अनुमति के लिए 'कई बार अनुरोध' किया था।



## ऑफ बीट

# घुटने के गठिया में एक्स-रे से सर्जरी की संभावना ज्यादा

गठिया, जोड़ों में होने वाले बदलावों और जोड़ों द्वारा अपनी सामान्य स्थिति बरकरार रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने के कारण होता है। यह हड्डियों, कार्टिलेज, स्नायुबंधन और मांसपेशियों सहित पूरे जोड़ को प्रभावित करता है। घुटने के गठिया से पीड़ित कई लोगों को लगातार दर्द महसूस होता है और उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों जैसे चलने और सीढ़ियां चढ़ने में कठिनाई होती है। यद्यपि गठिया के लिए इस तरह की सर्जरी को अक्सर अपरिहार्य माना जाता है, लेकिन इस पर केवल उन लोगों के लिए विचार किया जाना चाहिए जिनके लक्षण गंभीर हैं और जिन्होंने पहले से ही दवाओं से उपचार की कोशिश की है। सर्जरी से रक्त का थक्का जमने या संक्रमण जैसी गंभीर प्रतिकूल घटनाओं का खतरा रहता है, तथा हर कोई पूरी तरह ठीक भी नहीं हो पाता। केवल एक्स-रे के आधार पर सर्जरी से जुड़े फैसले लेने पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि घुटने के गठिया के उपचार संबंधी निर्णय लेने के लिए नियमित एक्स-रे की सिफारिश नहीं की जाती है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में खुलासा प्राथमिक व माध्यमिक कक्षा में यह दर कम
- उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में मध्यान्ह भोजन बंद होने ही विद्यालय छोड़ रहे छात्र
- अव्वल नंबर पर है बिहार, यहां 100 में से 20 छात्र पूरी नहीं करते पढ़ाई

# 12वीं कक्षा में पहुंचते तक 100 में से15 छात्र छोड़ रहे स्कूल, ड्रॉप आउट लिस्ट में 11वें पायदान पर छत्तीसगढ़

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर




खास खबर

प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने थोक में योजनाएं चलाई जा रही है, दावे भी किए जा रहे हैं, पर आंकड़े इसके उलट हैं। ड्रॉप आउट अर्थात स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या के मामले में छग 11वें पायदान पर है। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में शाला छोड़ने वाले छात्रों की संख्या कम है, लेकिन उच्च माध्यमिक कक्षाओं में पहुंचते ही शाला त्यागी छात्रों की संख्या तेजी के साथ बढ़ जाती है। प्रदेश में 100 में से 15वां छात्र बारहवीं कक्षा तक पहुंचने के पहले ही पढ़ाई छोड़ देता है। ड्राप आउट छात्रों के मामले में बिहार शीर्ष पर है। यहां 100 में से 20 छात्र ऐसे हैं, जो पहली कक्षा में प्रवेश तो लेते हैं, लेकिन 12वीं तक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा ये आंकड़े जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के 56615 स्कूलों में 57 लाख स्टूडेंट रहे हैं।

### फेल नहीं करने की रणनीति ने गिराई गुणवत्ता

जानकारों के अनुसार, इसकी दो मुख्य वजहें मध्यान्ह भोजन और पास-फेल की रणनीति है। शासकीय विद्यालयों में छात्रों को आठवीं कक्षा तक ही मध्यान्ह भोजन वितरित किया जाता है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार से आने वाले विद्यार्थी रोजी-रोटी की तलाश में इस कारण भी पढ़ाई छोड़ देते हैं। शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत आठवीं कक्षा तक किसी भी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण नहीं किए जाने का प्रावधान है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। नवमी कक्षा में प्रवेश लेने के बाद अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होती है और फेल होने के बाद वे विद्यालय छोड़ रहे हैं।

### इन राज्यों में सर्वाधिक छात्र छोड़ते हैं पढ़ाई




### प्राथमिक व माध्यमिक में कम है दर

प्रदेश में प्राथमिक कक्षा में स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों का दर 2.3% तथा माध्यमिक कक्षा में 5.3% है। उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के साथ ही प्राथमिक व माध्यमिक कक्षा में भी शाला त्यागी छात्रों के मामले में अव्वल है। प्राथमिक स्तर पर 13.7% तथा माध्यमिक स्तर पर 21.2% विद्यार्थी यहां पढ़ाई छोड़ रहे हैं।

### केरल में सबसे कम ड्राप-आउट

स्कूली शिक्षा में केरल का प्रदर्शन सर्वाधिक अच्छा है। स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या यहां सबसे कम है। केरल में 100 में से सिर्फ 2.18% विद्यार्थी ही 12वीं कक्षा पहुंचते तक स्कूल छोड़ते हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों में अन्य तमिलनाडु में ड्रॉपआउट छात्रों की संख्या 5.45% और पांडुचेरी में 5.9% है। हिमाचल प्रदेश में ड्रॉप आउट छात्रों की संख्या 4.6%, पंजाब में 5.21%, चंडीगढ़ में 5.17% और उत्तराखंड में 5.6% है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## तमिलनाडु में हिंदी का विरोध, कर्नाटक-महाराष्ट्र में कन्नड़ और मराठी पर तकरार

# तमिलनाडु में रेलवे स्टेशन के नाम पर कालिख पोती, कर्नाटक-महाराष्ट्र में थमीं बस सेवाएं

एजेंसी ▶▶| कोयम्बतूर/पोल्लाची/मुंबई

*देश में अब भाषा विवाद शुरू हो गया है। तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आंच अब रेलवे स्टेशनों तक पहुंच गई है। प्रो-तमिल प्रदर्शनकारियों ने रविवार को रेलवे स्टेशन के साइनबोर्ड पर लिखे हिंदी शब्दों को काले रंग से पोत दिया। इधर, कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस में भाषा को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक की बस सेवा रद्द कर दी।*

कोयंबत्तूर के निकट पोल्लाची रेलवे स्टेशन पर रविवार को हिंदी विरोधी प्रदर्शन हुआ। घटना सुबह 7:25 बजे हुई। डीएमके कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हिंदी भाषा को थोपने के विरोध में स्टेशन पर तीन नाम बोर्डों पर लिखे हिंदी अक्षरों पर काले रंग का ग्रीस ऑयल पोत दिया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें आरपीएफ का एक अधिकारी प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश करता दिखा। घटना के बाद, दक्षिण रेलवे के पलक्कड़ डिवीजन के अधिकारियों ने सफाई दी कि नाम को तुरंत रीस्टोर कर दिया गया। रेलवे ने कहा, आरपीएफ पोल्लाची ने आरोपियों की पहचान कर ली है और रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने कहा कि पोल्लाची टाउन सचिव 'थेंड्राल' के सेल्वराज सहित पांच डीएमके सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया। सूत्रों के अनुसार, सेल्वराज, सत्तारूढ़ डीएमके के कोयम्बत्तूर जिला (दक्षिण) समन्वयक के रूप में काम कर रहा हैं। उनके साथ उनके चार समर्थकों पर रेलवे अधिनियम की धारा 147 (अतिक्रमण और अतिक्रम से बचने से इंकार), 145 बी (उपद्रव करना) और 166 (सार्वजनिक नोटिस को खराब करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वायरल हुआ वीडियो, अफसरों ने दी सफाई

सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें आरपीएफ का एक अधिकारी प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश करता दिखा। घटना के बाद, दक्षिण रेलवे के पलक्कड़ डिविजन के अधिकारियों ने सफाई दी कि नाम को तुरंत रीस्टोर कर दिया गया। रेलवे ने कहा, आरपीएफ पोल्लाची ने आरोपियों की पहचान कर ली है और रेलवे एक्ट के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

- स्टेशन पर बोर्डों पर लिखे हिंदी अक्षरों पर काले रंग का ग्रीस ऑयल पोता
- रेलवे ने कहा, आरोपियों की पहचान हो चुकी है, होगी कड़ी कार्रवाई




### केंद्र-डीएमके के बीच हिंदी को लेकर विवाद गहराया

सत्ताधारी पार्टी डीएमके और केंद्र सरकार के बीच हिंदी को लेकर विवाद लगातार जारी है। डीएमके का आरोप है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस इलंगोवन ने कहा, पहले यह पॉलिसी भाजपा-शासित राज्यों में लागू की जाए।

### केंद्रीय मंत्री बोले- डीएमके के आरोप काल्पनिक

इस विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके के आरोपों को 'काल्पनिक' बताया। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी भी भाषा को थोपने की सिफारिश नहीं करती है। इसका मतलब यह है कि किसी भी तरह से एनईपी तमिलनाडु में हिंदी को अनिवार्य करने की बात नहीं कहता।

### महाराष्ट्र-कर्नाटक भिड़े




कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित बेलगावी के पास 22 फरवरी को कर्नाटक राज्य परिवहन निगम के बस कंडक्टर पर हमला हुआ था। इस वारदात में शामिल 4 लोगों को गिरफ्तार कर कंडक्टर के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बस कंडक्टर ने बताया कि मराठी में जवाब न देने पर कुछ लोगों ने बुरी तरह से पीटा है। इस घटना के बाद एमएसआरटीसी बस (एमएच-14 केक्यू 7714) चित्रदुर्ग से आगे निकली ही थी कि कन्नड़ समर्थकों ने उस पर हमला कर दिया। 51 वर्षीय बस कंडक्टर महादेवप्पा मल्लप्पा हुक्केरी ने बताया कि सुलेभवी गांव में एक लड़की कुछ युवाओं के साथ बस में चढ़ी थी। उसने मराठी में कुछ बोला तो मैं समझ नहीं पाया। लिहाजा, उससे मैंने कहा-मुझे मराठी नहीं आती और कन्नड़ में बात करे। इस पर लड़की गालियां देने लगी। देखते ही देखते लोग इकट्ठा हो गए और मारपीट शुरू कर दी। हमले में कंडक्टर को चोट आई हैं। बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में इलाज चल रहा है।

## दिल्ली में हुई लैंडिंग

# अमेरिका से 12 भारतीयों को लेकर पहुंचा एक और विमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका से निकाले गए 12 भारतीय रविवार को भारत पहुंचे। इससे पहले अमेरिका लगभग 332 अवैध अप्रवासी भारतीयों को निर्वासित किया था, जो यूएस में अवैध रूप से एंट्री करने की कोशिश कर रहे थे। यूएस से पनामा भेजे गए 12 भारतीय नागरिकों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। यह पनामा से वापस लाए जाने वाले भारतीयों का पहला जत्था है।

जानकारी के अनुसार, पनामा से हाल ही में भारतीय नागरिकों का एक जत्था तुर्की एयरलाइंस की फ्लाइट से इस्तांबुल होते हुए नई दिल्ली पहुंचा। निर्वासित लोगों में से चार पंजाब के, तीन-तीन हरियाणा और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। फिलहाल एक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पंजाब के विभिन्न जिलों के चार निवासियों को विमान से अमृतसर भेजा गया है।

### तीन विमान से 299 पहुंचे पनामा

बता दें कि बीते दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पनामा पहुंचे थे, जहां उन्होंने पनामा के राष्ट्रपति से मुलाकात की। दोनों इस बात पर सहमत हुए कि पनामा निर्वासित लोगों के देशों के बीच ब्रिज का काम करेगा। निर्वासितों के उनके देश भेजने का पूरा खर्च अमेरिका उठाएगा। पनामा भेजे गए अवैध अप्रवासियों की जानकारी मिलने पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने पनामा के लिए निर्वासन फ्लाइट्स के बारे में कुछ रिपोर्ट देखी हैं।

### अब तक 332 भारतीय देश पहुंचे

अवैध प्रवासियों पर ट्रंप की कार्रवाई शुरू होने के बाद से बीते हफ्तों में तीन विमानों में भरकर अवैध प्रवासी भारतीयों को अमेरिका से स्वदेश लाया गया। अब तक कुल 332 भारतीय अमेरिका से निर्वासित होकर देश पहुंचे हैं। अमेरिका में लाखों की संख्या में अवैध भारतीय प्रवासी रह-रहे हैं, जिसे देखते हुए आने वाले समय में अमेरिका से भारतीय का निर्वासन जारी रहने वाला है।

## खबर संक्षेप

### सेना प्रमुख फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल पियरे शिल के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसमें सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सेना प्रमुख ने भारत-फ्रांस सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से फ्रांस की यात्रा शुरू की।

### भारत महिला शांति सैनिकों पर सम्मेलन की करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** भारत संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मिशन में महिला शांति सैनिकों के योगदान पर दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। महिला शांति सैनिकों के लिए सम्मेलन 'शांति स्थापना में महिलाएं: ग्लोबल साउथ के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर 24 और 25 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

### इंजीनियरिंग के छात्र की सहपाठी ने की हत्या




**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले मिजोरम के युवक की उसके ही कॉलेज के सहपाठी ने हत्या कर दी। मृतक की पहचान वी एल वेलेंटाइन (23) के रूप में हुई है। वह नागरूर स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में चौथे वर्ष का छात्र था।

### ट्रक और डंपर की भिड़ंत में दो की मौत



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के भरवा सुमेरपुर क्षेत्र में एक ट्रक और डंपर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में संजीत (45) और रोहित (40) हैं। भरवा सुमेरपुर थाना क्षेत्र में कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी लदे एक ट्रक की सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर से जोरदार टक्कर हो गई।

### दिल्ली एयरपोर्ट में जब्त हुआ 6 करोड़ का हार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 6.08 करोड़ रुपए की कीमत वाला हार जब्त किया गया है। यह हार बैंकॉक से तस्करी करके लाया जा रहा था। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने एयरपोर्ट के टी3 टर्मिनल पर एक संदिग्ध को पकड़ा।

# देश के हर जिले में खुलेंगे कैंसर डे केयर सेंटर

## बागेश्वर धाम में पीएम मोदी ने दी बड़ी सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 218 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी है। यह अस्पताल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए समर्पित होगा। दावा किया गया है कि इससे पूरा बुंदेलखंड क्षेत्र लाभान्वित होगा। यहां गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने अगले तीन सालों में देश के हर जिले में 'कैंसर डे केयर सेंटर' खोले जाने का ऐलान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि बागेश्वर धाम में कैंसर मरीजों के लिए इतना बड़ा अस्पताल खुलने जा रहा है क्योंकि अब कैंसर बड़ी परेशानी बन रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए आज सरकार और संत समाज सब मिलकर कैंसर के खिलाफ लड़ाई में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल जो बजट आया है उसमें भी कैंसर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 36 माह में तैयार होगा कैंसर अस्पताल

कैंसर अस्पताल के लिए 10.925 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है। कैंसर अस्पताल 36 माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पहले चरण में 100 बेड की सुविधा होगी। इसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से गरीब कैंसर मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाएगा।

### पीएम मोदी की मां के नाम पर होगा एक वार्ड

बागेश्वर धाम प्रमुख पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि पीएम मोदी की मां हीरा बेन के नाम पर एक वार्ड भी होगा। उन्होंने कहा, अस्पताल दो से तीन साल में पूरा करेंगे। इसे मेडिकल कॉलेज बनाने का विचार है। अस्पतालों से कृपा और दवा भी मिलेगी। पीएम की मां के नाम से अस्पताल में वार्ड बनाया जाएगा।

### धीरेंद्र शास्त्री की बात सुनकर पीएम हंसी नहीं रोक सके

प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले बागेश्वर धाम में स्थित बालाजी के मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा, पीएम मोदी ने पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की मां से भी मुलाकात की। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी शादी में आने का न्योता दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री अपनी हंसी नहीं रोक पाए। उन्होंने शादी का निमंत्रण स्वीकार किया।

## गुजरात में भीषण हादसा

# डंपर-टेंपो ट्रैवलर भिड़े पांच पर्यटकों की मौत



**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को सड़क दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के पांच पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के चूड़ा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक जेएन गमारा ने बताया कि दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे लिंबडी तालुका के नवी मोरवाड़ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई।

### मौके पर ही मौत

दो महिलाओं और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य को उपचार के लिए जिले के सायला स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# फंसे लोगों से कोई संपर्क नहीं बचाने में जुटी सेना-एनडीआरएफ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना में श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना के निर्माणाधीन खंड की छत का एक हिस्सा ढह जाने से आठ व्यक्ति अंदर फंस गए हैं। उन्हें बाहर निकालने के लिए बचावकर्ता सुरंग के काफी अंदर पहुंच गए हैं। लगभग 150 किमी दूर नागरकुरनूल जिले में घटनास्थल पर पहुंची टीम ने फंसे हुए लोगों के नाम पुकारे, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। बचावकर्मी सुरंग के अंदर 13 किलोमीटर तक पहुंच गए हैं।

## तेलंगाना सुरंग हादसा में चल रहा रेस्क्यू



बचाव में जुटी

| | |
|---|---|
| 04 टीमें | 24 सेना कर्मी |
| 138 सदस्य | 23 एससीसीएल के सदस्य |

### टनल में ये 8 फंसे

फंसे हुए आठ लोगों में परियोजना इंजीनियर मनोज कुमार और फील्ड इंजीनियर श्री निवास (दोनों उत्तर प्रदेश के निवासी), श्रमिक संदीप साहू, जगता शेस, संतोष साहू, अनुज साहू (सभी झारखंड के निवासी), जम्मू-कश्मीर के श्रमिक सनी सिंह, और पंजाब के श्रमिक गुरप्रीत सिंह शामिल हैं।

## आरोपी के अधिकार पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

# भ्रष्टाचार निवारण कानून में हर केस की प्रारंभिक जांच अनिवार्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रत्येक मामले में प्रारंभिक जांच करना अनिवार्य नहीं है। यह आरोपी का निहित अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों सहित कुछ श्रेणियों के मामलों में प्रारंभिक जांच वांछनीय है, लेकिन आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए यह अनिवार्य शर्त नहीं है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सरकार की अपील पर फैसला

कोर्ट ने कहा, अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी के पास स्रोत की जानकारी के साथ-साथ विस्तृत व तर्कपूर्ण रिपोर्ट है, तो संज्ञेय अपराध का खुलासा होने की परिस्थिति में प्रारंभिक जांच से बचा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम फैसला कर्नाटक सरकार की तरफ से दायर अपील पर पारित किया। राज्य सरकार ने कर्नाटक हाईकोर्ट के मार्च, 2024 के फैसले को चुनौती दी थी।



**क्या है पूरा मामला :** कर्नाटक हाईकोर्ट ने लगभग एक साल पहले पारित फैसले में प्राथमिकी रद्द कर दी थी। यह मामला कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस थाने की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। पुलिस ने एक लोकसेवक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत कथित अपराधों के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला गलत क्यों?

आय के ज्ञात श्रोतों से अधिक आमदनी और संपत्ति अर्जित करने के इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया, ऐसे मामले में प्रारंभिक जांच जरूरी है या नहीं, इसका निर्धारण हर मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर अलग-अलग होगा। हाईकोर्ट ने यह निष्कर्ष निकालने में गलती की है कि मामले में प्रारंभिक जांच करने में चूक के कारण एफआईआर रद्द की जा सकती है।




# महाकुंभ में दो दिनों में बनेंगे तीन विश्व रिकॉर्ड अपने ही पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगा मेला प्रशासन

*महाकुंभ नगर में सोमवार और मंगलवार को तीन नए विश्व कीर्तिमान बनेंगे। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित अन्य तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों की मौजूदगी में कीर्तिमान बनाए जाएंगे।प्रयागराज। मेला प्रशासन ने महाकुंभ में चार नए विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई है। जिनमें से एक नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। खास बात यह है कि मेला प्रशासन कुंभ-2019 में बनाए हुए अपने ही तीनों रिकॉर्ड को तोड़ेगा। बता दें कि मेले में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।*





**महाकुंभ में 60 करोड़ ने किया स्नान**

महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। स्नानार्थियों की संख्या 60 करोड़ पार पहुंच गई है। दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है। संगम पर शनिवार को शाम आठ बजे तक 1.43 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। वहीं रविवार को भी आस्था का सैलाब उमड़ा और देर रात तक 1.13 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे।

**दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने लगाई डुबकी :** महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 60 करोड़ पार हो गई है। इसी के साथ पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है।

**15 हजार लोग एक साथ झाड़ू लगाएंगे**

सोमवार को 15 हजार सफाई कर्मचारी एक साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। इसके लिए अरैल में हेलीपैड मार्ग, परेड में लाल सड़क, झूंसी की तरफ अखाड़ा मार्ग आदि स्थानों को चुना गया है। इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। इससे पहले मेला प्रशासन की ओर से ही कुंभ-2019 में 10 हजार सफाईकर्मियों के साथ स्वच्छता का रिकॉर्ड बनाया गया था।

**मंगलवार को बनेंगे ये दो विश्व रिकॉर्ड**

मंगलवार 25 फरवरी को दो विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। पहले में 10 हजार लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाएंगे। इसके लिए गंगा पंडाल व अन्य प्रमुख स्थलों पर कैनवास रखे जाएंगे। मेला प्रशासन ने कुंभ-2019 में 7,500 लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके साथ ही एक साथ 550 से अधिक शटल बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। कुंभ-2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया गया था।

**वीकेंड पर कई किलोमीटर तक लगा जाम**

मेला खत्म होने से पहले का आखिरी वीकेंड है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं को भीषण जाम का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ में 25 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हजारों वाहन सड़कों पर रेंग रहे हैं।



रचा गया इतिहास, विधानसभा सत्र आज से

## नई सीएम रेखा के सामने विपक्ष की नेता होंगी आतिशी

हरिभूमि न्यूज ›› नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा के इतिहास में यह पहला मौका होगा जा रहा है, जब सत्ता पक्ष और विपक्ष में शीर्ष पदों पर दो महिलाएं विराजमान होंगी। भाजपा ने पहली बार विधानसभा में पहुंची रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया है, वहीं आप ने भी पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ आप नेता आतिशी को नेता प्रतिपक्ष चुना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वे नेता प्रतिपक्ष थे। दिल्ली विधानसभा का सत्र आज 24 फरवरी से शुरू होगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट पेश की जाना जो इस चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा रहे।

**कैग रिपोर्ट होगी पेश, आप की मुश्किलें बढ़ना तय**

भाजपा और आप के बीच कैग रिपोर्ट बड़ा मुद्दा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों में कई बार कहा था कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर विधानसभा के पहले सत्र में कैग की सभी रिपोर्ट्स पेश की जाएंगी। रिपोर्ट सामने आने से आप की परेशानियां बढ़ना तय है।

**ट्रंप की एक और धमकी**

## दवा टैरिफ से बचना है तो अमेरिका में लगाएं मैन्युफैक्चरिंग

हरिभूमि न्यूज ›› नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर धमकी भरा संदेश दिया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉर्मा कंपनियों से कहा है कि वे दवा इंपोर्ट करने पर टैरिफ से बचना चाहते हैं तो अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट अमेरिका में ट्रांसफर कर दें। उनके इस बयान ने अमेरिकी और भारतीय दोनों फॉर्मा कंपनियों के लिए समस्या पैदा कर दी है। फार्मा कंपनियां इससे बचने के लिए बीच का रास्ता तलाश रही हैं। अमेरिकी उद्योग के लीडर्स दवा की कीमत तय करने वाले नियमों को आसान बनाने के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भारतीय दवा कंपनियां अपने निर्यात पर भारी शुल्क से बचने के लिए द्विपक्षीय चर्चाओं पर भरोसा कर रहे हैं।

**ट्रंप अड़े हुए हैं अपनी बात पर**



दवा कंपनियों के साथ हुई बैठक के बावजूद ट्रंप अपनी बात पर अड़े हुए हैं। उन्होंने इसमें किसी भी तरह के बदलाव करने से इनकार कर दिया है। इसके बजाय, उन्होंने इस चिंता को फिर से दोहराया कि अमेरिकी अन्य देशों की तुलना में दवाओं के लिए अधिक भुगतान कर रहे हैं। अब इस खबर से फॉर्मा शेयरों में और दबाव बढ़ सकता है।

**ट्रंप से अमेरिकी कंपनियों ने की थी अपील :** व्हाइट हाउस की एक बैठक के दौरान, ट्रंप ने फाइजर, एली लिली और मर्क के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। ये लोग ट्रंप को उस कानून को वापस लेने के लिए मनाना चाहते थे, जो सरकार को दवा की कीमतों पर बातचीत करने की अनुमति देता है।

**यूएसएड मामले की जांच की जा रही: जयशंकर**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को उन आरोपों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें कहा गया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से 21 मिलियन अमरीकी डॉलर दिए थे। एस. जयशंकर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के लोगों ने कुछ जानकारी दी है। यह चिंताजनक है।

**भारत करता है सबसे ज्यादा आपूर्ति**

ट्रंप की टैरिफ चेतावनी ने भारत के फॉर्मा इंडस्ट्री के लिए टेंशन पैदा कर दी है। यह अमेरिका की लगभग आधी जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2024 में यूएस को भारतीय दवा निर्यात 8.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारत दवा सप्लाई करने में दुनिया में एक महत्वपूर्ण देश बन गया। अब ट्रंप के टैरिफ टेंशन या मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की बात ने भारतीय कंपनियों के लिए एक चुनौती पैदा कर दी है।

बैंकाक से लाए थे बैग में भरकर

## सांप, छिपकलियों व कीड़ों मकड़ियों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ›› नई दिल्ली



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कस्टम विभाग ने दुर्लभ प्रजाति के जीवों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। तीन भारतीय नागरिकों के पास से दुर्लभ विदेशी जीव बरामद किए गए हैं। दरअसल, कस्टम विभाग को जानकारी मिली थी कि 22 और 23 फरवरी रात बैंकॉक से दिल्ली आने वाली फ्लाइट AI 303 में तीन शख्स दुर्लभ प्रजाति के जीवों की तस्करी कर भारत ला रहे हैं। इसके बाद कस्टम विभाग ने इन तीनों पैसेंजर्स के बैग की तलाशी ली तो अधिकारियों की आंखें खुली की खुली रह गईं। एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स के बैग की तलाशी में कस्टम विभाग को दुर्लभ और विलुप्त होती प्रजाति के कई जीव मिले। जब्त किए गए जीवों में कई दुर्लभ प्रजाति के जीव भी शामिल हैं।

**दुर्लभ जीवों को अवैध रूप से भारत लाने की कोशिश**

इससे पहले भी कई बार इस तरह के दुर्लभ जीवों को भारत में अवैध रूप से लाने की कोशिश की गई है। इस बार कस्टम विभाग की सतर्कता के चलते इन वन्यजीवों को बचा लिया गया और यात्रियों को भी हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल कस्टम विभाग ने जब्त किए गए सभी दुर्लभ प्रजाति के जीवों को वन्यजीव और पर्यावरण प्राधिकरण को सौंप दिया है।



**खबर संक्षेप**

### भाजपा नेताओं ने सुनी मोदी की मन की बात

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक प्रसारण मन की बात को रविवार को प्रदेश के भाजपा नेताओं ने सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर में, प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जगन्नाथ मंदिर, गीतांजलि नगर, रायपुर में कार्यक्रम सुना। इस दौरान रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर के सभी 60 पार्षदों सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात का प्रसारण सुनने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन विषयों को लेकर जनता की बीच आते हैं, हम सबसे चर्चा करते हैं, वह अद्भुत होता है। न केवल जानकारी, वरन उससे मोटिवेशन भी मिलता है। जिस प्रकार से एआई को लेकर दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बनी है और जिस प्रकार से हेल्थ को लेकर प्रधानमंत्री ने हम सबको प्रेरणा दी है, वह अद्भुत है। परीक्षा पर चर्चा से तो आज जिस प्रकार से हमारे विद्यार्थियों, एग्जाम वॉरियर्स को जो मोटिवेशन मिल रहा है, वह बताता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी हर वर्ग और उसके भविष्य की चिंता करते हैं।

### शेयर कारोबारी से 56 लाख की ठगी

रायपुर। मुजगहन थाने में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने वाले एक कारोबारी ने अज्ञात के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 56 लाख रुपए ठगी करने के साथ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डूंडा शिव विहार कॉलोनी निवासी नीरज वर्मा ने हेम सेक्यूरिटीज कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नीरज ने पुलिस को बताया कि सिक्यूरिटीज कंपनी ने उसे अपने वाट्स एप ग्रुप में जोड़कर शेयर ट्रेडिंग में 5 से 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर किस्तों में 56 लाख रुपए की ठगी की है।

# वन्यजीवों की कब्रगाह बना जंगल सफारी, हिमालयन बीयर ने लाते वक्त रास्ते में तोड़ा दम, 15 दिन में सात साही की मौत

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए असहाय तथा कमजोर वन्यजीवों के लिए जंगल सफारी कब्रगाह साबित हो रहा है। पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर माह में 35 काले हिरणों तथा दो माउस डियर की मौत की घटना के बाद अब सफारी में नगालैंड स्थित धीमापुर जू से लाए गए दो हिमालयन भालू में से एक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। साथ ही पिछले 15 दिनों में जंगल सफारी में सात साही की अज्ञात कारणों से मौत की बात सामने आई है। साही की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, अफसर पूरे मामले की जांच के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं।

वन्यजीवों के एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत सफारी प्रबंधन ने नगालैंड धीमापुर जू में पांच चीतल तथा दो काले हिरण देने के बदले दो हिमालयन भालू लाने का फैसला लिया था। चीतल तथा काले हिरण को जंगल सफारी की जू की गाड़ी से नगालैंड रवाना किया गया। जिस गाड़ी को जंगल सफारी प्रबंधन ने वन्यजीव पहुंचाने के लिए भेजा था, उसी गाड़ी में हिमालयन भालू को लेकर रायपुर लौट रहे थे। इस दौरान एकर हिमालयन भालू ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

**नगालैंड, धीमापुर जू से ला रहे हिमालयन भालू ने रास्ते में दम तोड़ा**



हिमालयन भालू की मौत के कारणों का पता लगाने हरिभूमि की टीम ने सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार से संपर्क किया तो उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल में जगह-जगह गाड़ी को रोककर जांच की गई। ऐसे में हिमालयन भालू की गर्मी के कारण मौत हो गई। अफसर के अनुसार वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल से वन्यजीवों की तस्करी होने की जानकारी दी थी। इस वजह से स्थानीय वन विभाग के अफसर गाड़ियों को रोककर जांच कर रहे थे। इसके चलते हिमालयन भालू ला रहा वाहन घंटों फंसा रहा। गर्मी के कारण हिमालयन भालू की मौत होने की जानकारी वन अफसर ने दी है। अफसर के अनुसार, रास्ते में हिमालयन भालू की मौत का कारण जांच के नाम पर वाहन को घंटों रोकना है। हिमालयन भालू को विभागीय डॉक्टर के साथ वनकर्मियों की टीम ला रही थी। ऐसे में सीजेडए के लेटर के साथ ही धीमापुर जू प्रबंधन ने अपने जू से हिमालयन भालू जंगल सफारी भेजे जाने अनुमति पत्र दिया होगा। फिर भी हिमालयन भालू ला रहे वाहन को घंटों रोक जांच किए जाने की बात सवालों के घेरे में है।

**रास्ते में करते हैं स्वास्थ्य जांच**

वन्यजीवों को एक जू से दूसरे जू एक्सचेंज किए जाने की स्थिति में रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण तथा उनके लिए पानी, खाने की व्यवस्था की जाती है। साथ ही एक निश्चित दूरी तय करने के बाद वन्यजीवों को आराम दिया जाता है। ऐसे में हिमालयन भालू का रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं किया गया। इस वजह से वन्यजीव चिकित्सक को भालू के बीमार होने की जानकारी नहीं मिली और उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

**सात साही की मौत भी**

हिमालयन भालू की मौत के एक पखवाड़े पूर्व से एक-एक कर सात साही की मौत की घटना सामने आई है। साही की मौत किन कारणों से हुई है। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कही। हिमालयन भालू के साथ ही साही का पोस्टमार्टम जंगल सफारी में किया गया। दोनों वन्यजीवों की मौत की जानकारी सफारी प्रबंधन ने सफारी से बाहर आने रोकने की हरसंभव कोशिश की।

**वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश**

हिमालयन भालू के साथ ही सफारी में सात साही की मौत की घटना के बाद वन्यजीव प्रेमी आक्रोशित हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी सहित अन्य ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते सब एडल्ट मादा बायसन की गुरु घासीदास नेशनल पार्क पहुंचने से पहले मौत हो गई। वन्यजीव प्रेमियों ने जंगल सफारी, कानन पेंडारी से सफेद भालू सहित सभी वन्यप्राणियों के एक्सचेंज प्रोग्राम पर रोक लगाने के साथ ही दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## निकायों में सभापति-उपाध्यक्षों के चयन को लेकर आज भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

प्रदेश के नगर निगमों में सभापति, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्षों के चयन को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन की सोमवार को बड़ी बैठक होगी। इसमें सभी पर्यवेक्षकों को बुलाया गया है। उनको दिशा-निर्देश दिए जाएंगे कि क्या-क्या करना है। पर्यवेक्षक जब अपने-अपने जिम्मे वाले निकाय में जाकर वहां से दावेदारों के नाम लेकर आएंगे, तब इस पर संगठन में मंथन के बाद नाम तय किए जाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने बताया, सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगमों के सभापति और नगरपालिकाओं-नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष चुनाव के परिप्रेक्ष्य में एक जरूरी बैठक शाम 4 बजे रखी गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव चुनाव को लेकर मार्गदर्शन करेंगे। श्री सवन्नी ने बताया, बैठक में संभाग प्रभारी-सहप्रभारी, नगरीय निकाय चुनाव की




दृष्टि से जिला प्रभारी-सहप्रभारी, जिला अध्यक्ष, नगर निगमों के संगठन प्रभारी-सहप्रभारी (चुनाव-2025), नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायत के नियुक्त पर्यवेक्षक और नगरीय निकाय की प्रदेश स्तरीय टीम भाग लेगी। श्री सवन्नी ने बताया, नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद अब आगे की रणनीति के लिए यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण होगी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का जो लक्ष्य रखा है, उसमें नगरीय निकायों की भी अहम भूमिका होगी। भाजपा न सिर्फ अपने किए वादों को पूरा करेगी, बल्कि नगरीय निकायों में विकास के कार्यों के कीर्तिमान रचेगी।

## बिजली की डिमांड में अभी से गर्मी, खपत पहुंची छह हजार मेगावाट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। फरवरी में बिजली की खपत छह हजार मेगावाट तक पहुंच गई है। एक दिन पहले अपना उत्पादन महज 17 सौ मेगावाट था, क्योंकि मड़वा के साथ ही कोरबा में भी पांच सौ मेगावाट का संयंत्र बंद था, ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही थी, लेकिन रविवार को पांच सौ मेगावाट के दोनों संयंत्रों के प्रारंभ होने से बड़ी राहत मिली है। रविवार को भी सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेने का शेड्यूल था, क्योंकि शेड्यूल एक दिन पहले तय करना पड़ता है। अब सोमवार से सेंट्रल सेक्टर से कम बिजली लेनी पड़ेगी। वैसे इस बार गर्मी में बिजली की खपत का अनुमान 65 सौ मेगावाट से ज्यादा का है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ सकती है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही

**पांच सौ मेगावाट की दो यूनिट के वापस प्रारंभ होने से बड़ी राहत**



पड़ने लगी। अब तो फरवरी में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्रॉफ लगातार बढ़ रहा है।

फरवरी में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन खपत छह हजार मेगावाट तक नहीं जाती है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत हो रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि लगातार एसी और कूलर चल रहे हैं, जिसके कारण खपत में इजाफा हो रहा है।

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। रविवार को सभी संयंत्रों के वापस प्रारंभ होने के कारण अपना उत्पादन 22 सौ मेगावाट के आसपास हो रहा था। वैसे यह उत्पादन 25 सौ मेगावाट से ज्यादा हो सकता था, लेकिन रविवार को भी सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेने का शेड्यूल तय होने के कारण अपने संयंत्रों से कम बिजली का उत्पादन किया जा रहा था। तय शेड्यूल के मुताबिक ही सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेनी पड़ती है। सोमवार से जरूर अपना उत्पादन वापस 25 से 26 सौ मेगावाट तक हो जाएगा। इसके बाद भी खपत ज्यादा होने के कारण सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन सौ मेगावाट के आसपास बिजली लेनी पड़ेगी।

भारत सरकार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 6 साल

अब तक किसानों को मिली करीब
₹3.5 लाख करोड़ की सम्मान राशि

विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं में से एक
किसानों को सालाना ₹6000 की सहायता
पीएम किसान के 85% से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान
पीएम किसान के 4 लाभार्थियों में कम-से-कम एक महिला लाभार्थी

और आज पीएम किसान की 19वीं किस्त के तहत देश के 9.8 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में
₹22 हजार करोड़+ की राशि सीधे ट्रांसफर



बीज से बाजार तक किसानों के साथ खड़े हैं पीएम मोदी

» बीते 10 सालों में ₹20 लाख करोड़+ से MSP पर गेहूं, धान, कपास, दलहन और तिलहन फसलों की खरीद की गई
» ₹12 लाख करोड़ की उर्वरक सब्सिडी से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद मिला
» कृषि बजट में रिकॉर्ड वृद्धि - 2014 के ₹22 हजार करोड़ से लगभग 5 गुना बढ़कर इस साल ₹1.27 लाख करोड़ हुआ
» 2016 से 2023 तक किसानों को फसल बीमा के ₹1.72 लाख करोड़ दिए
» देशभर में करीब 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बनाए गए
» ई-नाम प्लेटफॉर्म से 1400+ कृषि मंडियां जुड़ीं, ₹4 लाख करोड़+ के सुविधाजनक लेन-देन हुए
» अधिक पैदावार वाले बीज की किस्में 1390 से बढ़कर 2900 हुईं
» परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत 15 लाख हेक्टेयर में ऑर्गेनिक और नेचुरल फार्मिंग से 25 लाख+ किसानों को लाभ
» पर ड्रॉप मोर क्रॉप – माइक्रो इरिगेशन कवरेज 42 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर हुआ
» वैश्विक दूध उत्पादन में करीब 25% योगदान के साथ भारत पहले स्थान पर
» मुंहपका और खुरपका रोग (एफएमडी) के खिलाफ 100 करोड़+ टीकाकरण से पशुधन हुआ सुरक्षित
» 2.25 लाख प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) से आधुनिक कृषि को बढ़ावा

किसान सम्मान समारोह के तहत
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के द्वारा

पीएम किसान की 19वीं किस्त का हस्तांतरण
10,000 किसान उत्पादक संगठनों का राष्ट्र को समर्पण
मोतिहारी में स्वदेशी नस्लों के लिए उत्कृष्टता केन्द्र एवं बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन

साथ ही ₹570 करोड़ से अधिक की लागत से वारिसलीगंज - नवादा - तिलैया (36.45 किमी) रेल खंड के दोहरीकरण और इस्माइलपुर - रफीगंज रोड ओवर ब्रिज का राष्ट्र को समर्पण

दिनांक – 24 फरवरी 2025 | समय – दोपहर 12:00 बजे | स्थान – भागलपुर, बिहार

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज और डीडी किसान पर

CBC 01102/13/0013/2425

# जलप्रदाय योजना: निगम ने राज्य शासन को भेजा 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नगर निगम के योजना शाखा ने जलप्रदाय योजना के तहत पैकेज 6 और 7 को पूरा करने राज्य शासन के पास 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में शहर के आउटर इलाके में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने का कार्य शामिल है। साथ ही नगर निगम जोन-9 क्षेत्र में अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में निर्मित नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम इसमें शामिल है।

निगम के पास फंड नहीं होने की वजह से पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 साल पूर्व निर्मित नई पानी टंकी



आज तक शुरू नहीं हो पाई। इस कार्य के लिए 48 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है।

दरअसल रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित वार्डों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने नगर निगम द्वारा पैकेज 6 व 7 तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि जलप्रदाय योजना के अंतर्गत पैकेज 6 व 7 के लिए राज्य शासन के पास 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन के बजट में इसके लिए राशि प्रावधान करने के बाद नगर निगम के बजट में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। जलप्रदाय योजना अंतर्गत के जोन-9 क्षेत्र स्थित पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में 2 साल पूर्व निर्मित पानी टंकी से इंटर कनेक्शन कर राइजिंग लाइन बिछाने के कार्य को भी प्रस्ताव में लिया गया है।

### पैकेज 6 और 7 में इन जगहों पर पेयजल पाइप बिछाने का है प्रस्ताव

राजधानी से लगे ग्राम जरवाय, गोगांव, कबीर नगर, सरोना, डीडीनगर, अमलीडीह और चंगोराभाठा में ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पीने के पानी के लिए पाइपलाइन नहीं बिछ पाई है, उन छूटे क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने राज्य शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है। बजट में इसकी मंजूरी मिलने पर जलप्रदाय योजना के पैकेज 6 का लंबित काम कराने प्रक्रिया शुरू होगी। इसी तरह पैकेज 7 के तहत लभांडी, फुंडहर, सड्डू, मोवा, कोटा, अमलीडीह, दलदल सिवनी और भाठागांव के छूटे हुए क्षेत्र में पीने के पानी की नई पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव बनाया गया है।

# किरण देव की नई कार्यकारिणी में नजर आएंगे कई नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश में एक बार से निगम-मंडलों में नियुक्ति की कवायद प्रारंभ हो गई है। संभावना है कि जल्द ही थोक में नियुक्तियां होंगी। निगम और मंडलों में नियुक्ति के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम तय होगी। इस समय प्रदेश की कार्यकारिणी में जो पदाधिकारी हैं, उनमें से कुछ पदाधिकारियों को भी निगम-मंडल में मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ कुछ पदाधिकारी नगरीय निकाय चुनाव में जीतकर महापौर और पालिका अध्यक्ष भी बन गए हैं। इनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। यह बात तय है कि प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी में इस बार कई नए चेहरों को मौका मिलने वाला है। वैसे भी भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का नए चेहरों पर ज्यादा फोकस है। प्रदेश संगठन के चुनाव में यह बात देखने को भी मिली है।



■ कुछ पदाधिकारियों को मिल सकता है निगम-मंडल में मौका

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी है। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस समय पंचायत चुनाव चल रहे हैं। ये 24 फरवरी तक चलेंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश संगठन व्यस्त रहेगा। किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अगले माह से कवायद प्रारंभ होगी। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय भी भाजपा की मीडिया टीम का हिस्सा रहे हैं। प्रदेश संगठन के कुछ पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

# तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही रांग साइड तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए बाइक सवार दो लड़कों को रौंद दिया। ट्रक की चपेट में आने से दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार तेंदुआ मोड़ के पास ट्रक सीजी-04 एलई 0816 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए अरमान चतुर्वेदी तथा यशवंत मारको को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आए दोनों युवक के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई।

## आपत्तियों और विवाद के चलते मास्टर प्लान में किया जा रहा सुधार

# नगरीय निकायों के मास्टर प्लान में बरसों की देरी, अब तक 56 शहरों का हुआ तैयार, रायपुर में भी नहीं हो सका लागू

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों के विकास के लिए बनाई जाने वाली विकास योजना यानी मास्टर प्लान का हाल बेहाल है। खास बात ये है कि राजधानी रायपुर का मास्टर प्लान तैयार करने के बाद सामने आईं आपत्तियों और विवाद के कारण इसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है। यही हाल कई अन्य शहरों का भी है। खास बात ये है कि मास्टर प्लान जारी न हो पाने से निजी क्षेत्र की छोटी-बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए मंजूरी नहीं मिल पा रही है। कई प्रोजेक्ट इसी वजह से शुरू नहीं हो पा रहे हैं। बताया गया है कि राज्य के 56 शहरों का मास्टर प्लान तैयार हो गया है, लेकिन बहुत-सी जगह आपत्तियों और विवाद के कारण इसमें सुधार किया जा रहा है, इस वजह से मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है।

नगर निवेश के जानकारों की मानें तो किसी भी शहर के लिए बने मास्टर प्लान के पूरे होने के पहले नया मास्टर प्लान बन जाना चाहिए। इसी हिसाब से विकास की गतिविधियां तय होती हैं। बताया गया है कि रायपुर शहर के लिए मास्टर प्लान-2031 लागू करने में पहले से ही चार वर्ष का विलंब हो चुका है। अभी भी यह तय नहीं है कि कब तक इसे लागू किया जाएगा। इसकी वजह से 30 लाख की आबादी के लिए तैयार किए गए प्लान का क्रियान्वयन करने में विलंब हो रहा है, जबकि नियमानुसार पुराने मास्टर प्लान की अवधि समाप्त होने से पहले ही अगला मास्टर प्लान तैयार हो जाना चाहिए।

रायपुर के नए मास्टर प्लान को लेकर एक बड़ा पेंच ये है कि इसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तैयार किया गया था। इसके बाद आई राज्य की भाजपा सरकार ने इस मास्टर प्लान में कई गड़बड़ियां निकालीं। साथ ही कुछ तकनीकी विवाद भी सामने आए। यही कारण है

### पुराना समाप्त होने के पहले नया प्लान जरूरी, पिछली सरकार के प्लान में मिलीं गड़बड़ियां

कि पिछली सरकार के मास्टर प्लान को सुधार की कोशिशों को बाद भी अब तक लागू नहीं किया जा सका है। साथ ही इसकी जांच करने के साथ ही संशोधित प्लान जारी करने के लिए कमेटी भी बनाई गई है। यही नहीं, 2021 तक के लिए जारी किए गए प्लान में भी सैकड़ों कार्य अब तक नहीं हुए हैं।

नगर एवं ग्राम निवेश की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल की स्थिति में प्रदेश में कुल 53 निवेश क्षेत्र की विकास योजनाएं बनाकर 45 विकास योजनाएं अंगीकृत की गई हैं, लेकिन 2025 में बताया जा रहा है कि करीब 56 शहरों की योजनाएं अंगीकृत हो गई हैं। लेकिन इनमें से कई शहरों में विवाद और आपत्तियों के कारण मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में पिछले साल तक कुल 53 निवेश क्षेत्रों की विकास योजनाएं तैयार की जाकर 45 विकास योजनाएं अंगीकृत गईं, जो कि क्रमशः रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, अटल नगर डेवलपमेंट अथॉरिटी, कोरबा, राजनांदगांव, जगदलपुर, डोंगरगढ़, चांपा, जांजगीर, धमतरी, अंबिकापुर, बालोद, कवर्धा, रायगढ़, आरंग, अभनपुर, बलौदाबाजार, भाटापारा, महासमुंद, अहिवारा, कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, रतनपुर, सीपत साडा, मुंगेली, भानुप्रतापपुर, सारंगढ़, जशपुरनगर, बलरामपुर, खरसिया, बेमेतरा, खैरागढ़, सराईपाली, बागबाहरा, बीजापुर, अरपा साडा, कसडोल, थानखम्हरिया, पाटन, पिथौरा, पखांजूर, सुकमा, कुरुद हैं।

### प्रकाशित विकास योजनाएं, बन रहे मास्टर प्लान

जिन शहरों का मास्टर प्लान पिछले साल प्रकाशित हो चुका है उनमें तिल्दा-नेवरा, दंतेवाड़ा, अकलतरा, कोटा, दीपका, सहसपुर-लोहारा, सूरजपुर और लखनपुर शामिल हैं। साथ ही जिन शहरों के मास्टर प्लान तैयार करने के लिए काम किया जा रहा है, उनमें गोबरा नवापारा, राजिम, गरियाबंद, मल्हार, तखतपुर, लोरमी, बिल्हा, मरवाही, धमधा, बेरला, साजा, डोंगरगांव, छुईखदान, छुरी, बरमकेला, पुसौर, बस्तर, केसकाल, फरसगांव, बिलाईगढ़, गिरौदपुरी, पलारी लवन, सिमगा, गुण्डरदेही, तुमगांव, भंवरपुर, (कलस्टर) पाण्डातराई, पंडरिया, पिपरिया, बिरकोना (कलस्टर) विश्रामपुर, रघुनाथपुर (कलस्टर) शिवरीनारायण, सक्ती, जेठा, कुनकुरी, बगीचा, कोण्टा, भखारा, मगरलोड, अंतागढ़, बैकुण्ठपुर, मनेंद्रगढ़, शिवपुर चरचा शामिल हैं।

### इस साल के लिए इन शहरों का प्लान पूरा करने का लक्ष्य

राज्य के कई शहरों के मास्टर प्लान इस साल यानी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इनमें खरोरा, फिंगेश्वर, चंपारण, देवकर, मारो, परपोड़ी, छुरिया, मुरमुंदा (कलस्टर) गण्डई, पाली, कटघोरा, पथरिया, गौरेला-पेण्ड्रा, जयरामनगर-मस्तूरी (कलस्टर) घरघोड़ा सरिया, भोपालपट्टनम, नगरनार, विश्रामपुरी, सोनाडीह, रवान, खपराडीह, रिसदा, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुरूर, सिरपुर (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) बोड़ला, कुण्डा (कलस्टर) भटगवां, राजपुर, कुसमी, चंद्रपुर, सारागांव, बलौदा, खरौद, कोतबा, पत्थलगांव, गीदम, बड़े बचेली-किरंदुल, आमदी, दरबा, चारामा, नरहरपुर, सोनहत कलस्टर और भरतपुर शामिल हैं।

# नालों के लिए 8 बड़ी पोकलेन और प्लास्टिक कचरा उठाने 9 जटायु खरीदेगा निगम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शहरभर के बड़े नाले और नालियों की सफाई के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त सफाई संसाधन नहीं है। इसके चलते हर साल सफाई विभाग को बाारिश के सीजन में किराए के पोकलेन मशीन से नालों की सफाई कराने की नौबत आती है। दस जोन में 10 बड़े पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीनों की जरूरत है। इसके लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने इस बार के निगम बजट में एक प्रस्ताव बनाकर भेजा है, ताकि सफाई संसाधन पर्याप्त होने से समय रहते नाले और नालियों की सफाई कराई जा सके। दरअसल रायपुर नगर निगम के दस जोन स्थित शहर के बड़े नाले और नालियों की सफाई कराना निगम प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती रहती है। खासकर के बारिश के सीजन में दस जोन के लिए 10 पोकलेन मशीन निगम के पास होने चाहिए, पर वर्तमान में केवल 2 बड़े पोकलेन मशीन उपलब्ध है। साथ ही निकास नाली सफाई के लिए 5 छोटी मशीनों की भी जरूरत है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सफाई महकमे ने नगर निगम बजट के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 बड़े आकार की पोकलेन मशीन और 5 छोटी मशीन खरीदने का प्रस्ताव बनाकर भेजा है। इसी तरह शहर के प्रमुख मार्गों व सड़कों पर प्लास्टिक बॉटल, डिस्पोजल व प्लास्टिक पन्नी की सफाई का कार्य स्वचालित मशीन जटायु से कराया जा रहा है। सालभर पहले नगर निगम ने प्रयोग बतौर शहर के लिए 2 जटायु मशीनें खरीदी थीं। ट्रायल के बाद इसका बेहतर रिस्पांस मिलने पर अब सभी जोन और निगम मुख्यालय के लिए 8 जटायु सफाई मशीन खरीदने निगम के बजट में प्रावधान किया जा रहा है।

### मच्छर उन्मूलन के लिए बजट में प्रावधान

शहर में मच्छरों की समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने फागिंग और एंटी लार्वा अभियान को सालभर नियमित रूप से चलाने के लिए शहरी सरकार की बजट में विभाग की ओर से प्रस्ताव बनाकर भेजा है। यह कार्य रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में एक साथ निगम से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा।

**कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़**
**स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002**

क्रमांक/1696/छात्र/काउंसिलिंग/संचिशि/2025 रायपुर, दिनांक 20 FEB 2025

**सूचना**

**नीट यू. जी. (एम.बी.बी.एस) एवं नीट पीजी (एम.डी./एम.एस.) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 की काउंसिलिंग पंजीयन राशि रिफण्ड शिविर आयोजन के संबंध में**

सभी नीट यू.जी. (एम.बी.बी.एस) एवं नीट पीजी (एम.डी./एम.एस.) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें अब तक पंजीयन राशि का रिफंड प्राप्त नहीं हुआ है और जिनका नाम संचालनालय की वेबसाइट पर प्रवेश वर्ष 2023 रिफंड हेतु जारी पात्र अभ्यर्थियों की सूची में शामिल है। उनके लिए रिफंड शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर **काउंसिलिंग कक्ष (आई.टी.सेल) कक्ष क्रमांक 503 Fifth floor, नया ब्लॉक पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर छ.ग.** में आयोजित किया जाएगा, जहां अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रिफंड प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

रिफंड केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रदान किया जाएगा, जिनका नाम नीट यू. जी. (एम.बी.बी.एस) एवं नीट पीजी (एम.डी./एम.एस.) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 काउंसिलिंग के रिफंड हेतु जारी पात्र अभ्यर्थियों की सूची में शामिल है। रिफंड प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों को निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :-

1. प्रवेश वर्ष 2023 काउंसिलिंग के समय भरे गये ऑनलाईन आवेदन पत्र की छायाप्रति ।
2. वैध पहचान पत्र ( आधार कार्ड / पैन कार्ड / ड्राइविंग लाइसेंस आदि)
3. बैंक खाता विवरण ( पासबुक की प्रति / कैंसिल चेक)
4. शुल्क भुगतान की रसीद
5. शपथ पत्र (जिसमें अभ्यर्थी यह प्रमाणित करेगा कि उसने पूर्व में रिफंड प्राप्त नहीं किया है) सहित सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे ।

**रिफंड शिविर की तिथि एवं समय सारणी**

**दिनांक : 27 फरवरी 2025, (गुरूवार)**
**समय : प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक**
**स्थान : काउंसिलिंग कक्ष (आई.टी.सेल) कक्ष क्रमांक 503 Fifth floor, नया ब्लॉक, पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

अतः नीट यू.जी. (एम.बी.बी.एस) एवं नीट पीजी (एम. डी. / एम. एस.) पाठ्यक्रम प्रवेश वर्ष 2023 के रिफण्ड हेतु पात्र सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय के भीतर उपस्थित हों । दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से स्वयं सत्यापित (Self-Attested) होना चाहिए। अपूर्ण दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत होने पर रिफंड प्रक्रिया पूरी नहीं की जाएगी।

**नोट:- यह रिफंड शिविर केवल प्रवेश वर्ष 2023 के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया गया है। अन्य प्रवेश वर्षों के अभ्यर्थी इस रिफंड प्रक्रिया के लिए पात्र नहीं होंगे।**

जी.

**संचालक चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़**

# शहर का अनोखा रेलवे स्टेशन... न पानी न पंखा, खुले में करो लघुशंका

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी से जुड़े छोटे रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अगर आप सरस्वती नगर या फिर डब्ल्यूआरएस स्टेशन से लोकल ट्रेन में यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यहां न तो पानी की सुविधा है, न पंखे और न ही शौचालय। यहां तक कि छोटे और व्यस्त स्टेशनों पर ये आवश्यक सुविधाएं नदारद हैं, जो यात्रियों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। स्टेशन पर रेलवे यात्रियों को बैठने मात्र की सुविधा दी जा रही है। हरिभूमि ने रविवार को छोटे स्टेशनों का जायजा लिया। सरस्वती नगर स्टेशन पर यात्री खाली बोतल लिए बैठे मिले तो वहीं डब्ल्यूआरएस में भी यात्री समस्याओं से जूझते मिले।

दिलचस्प बात ये भी है कि रेलवे छत्तीसगढ़ के 17 बड़े स्टेशनों को पुनः विकसित करने 2700 करोड़ रुपए की लागत से 'अमृत भारत स्टेशन योजना' चला रहा है, लेकिन छोटे स्टेशनों की हालत जस के तस बनी हुई है। बता दें कि इन दोनों स्टेशनों पर रोजाना 500 से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही होती है। स्टेशन निर्माण को 20 साल से भी अधिक होने को हैं, लेकिन पीने के लिए पानी का कनेक्शन स्टेशन तक नहीं पहुंचा है।

रायपुर के सरस्वती नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को असुविधाओं से दो-चार होना पड़ रहा है। मुख्य स्टेशन से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस स्टेशन पर सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक लोकल ट्रेनें रुकती हैं और यहां प्रतिदिन 500 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। बावजूद इसके इस स्टेशन पर पीने के पानी की सबसे बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है, क्योंकि रेलवे ने यहां नल कनेक्शन तक नहीं दिया है। इस कारण यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पंखे की सुविधा भी नहीं है। शौचालय भी नहीं है। यात्रियों को खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। रेलवे ने यहां नए वेटिंग रूम और शौचालय का निर्माण जरूर किया है, लेकिन दो साल से यहां ताला लटका हुआ है। गर्मी के मौसम में यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

### डब्लूआरएस में पंखे और पानी की सुविधा नहीं

डब्ल्यूआरएस स्टेशन की हालत यात्रियों के लिए बेहद परेशान करने वाली है। यह स्टेशन डीआरएम ऑफिस से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां रेलवे अधिकारियों की भी नियमित आवाजाही रहती है, लेकिन फिर भी यहां असुविधा है। स्टेशन पर पीने के पानी की सुविधा का तो नामोनिशान तक नहीं है और यात्रियों को पानी की बोतल खाली हाथ में लिए खड़े रहना पड़ता है। आसपास कोई दुकान भी नहीं है, जहां से पानी खरीदा जा सके। इससे भी बड़ा संकट गर्मी में यात्रियों के लिए है, क्योंकि स्टेशन पर न तो पंखा लगा है और न ही शौचालय की व्यवस्था। स्टेशन के चारों ओर गंदगी और कचरा फैला हुआ था, स्टेशन की साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद खराब थी। दिनभर 500 से अधिक यात्रियों की आवाजाही वाली इस जगह पर जब ट्रेन लेट होती है तो यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। घंटों बिना पानी और पंखे के इंतजार करना यात्रियों की मजबूरी है।

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 5788



**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक, चित्ताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -5787 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5798

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5797 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने खुदरा ऋण पर ब्याज दर घटाई




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने अपने आवास और कर ऋण सहित अपने खुदरा कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती के बाद बीओएम ने यह कदम उठाया है। आरबीआई ने पांच साल के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत किया था।

### त्योहारी मांग से तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** आगामी होली त्योहार के मद्देनजर मांग बढ़ने और विदेशी तेलों के महंगा होने से आयात में गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित पाम-पामोलीन के दाम में वृद्धि हुई है जिससे पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। जनवरी में खाद्य तेलों का आयात 10 लाख सात हजार टन का हुआ था, जिसके फरवरी में घटकर 9.5 लाख टन रहने की संभावना है।

### टाटा पावर डीडीएल ने की प्रोबस स्मार्ट में साझेदारी



**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन ने प्रोबस स्मार्ट थिंग्स के साथ सहयोग की घोषणा की। इस सहयोग का मकसद 'ब्लूटूथ' सक्षम संचार के साथ एक सार्वभौमिक नेटवर्क इंटरफेस कार्ड को अपनाकर 'स्मार्ट मीटरिंग' प्रौद्योगिकी में व्यापक स्तर पर बदलाव लाना है। कंपनी के बयान के अनुसार, इस सहयोग के तहत टाटा पावर-डीडीएल और प्रोबस संयुक्त रूप से स्मार्ट मीटरिंग प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए इसके नवीन इस्तेमाल खोजेंगे।

### एचएमपीएल को मिला 100 करोड़ का अनुबंध



**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा से बिजली क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को महाराष्ट्र में इस्पात का कार्य उपलब्ध कराने के लिए 102 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने रविवार को बयान में कहा कि यह परियोजना वेंकटेश इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स द्वारा दी गई है और इसे छह महीने में पूरा किया जाएगा। इस अनुबंध में 'तकनीकी ड्राइंग के अनुसार सुदृढ़ीकरण स्टील की कटाई, झुकाव, फिक्सिंग और मुंबई के वर्सोवा बांद्रा सी लिंक परियोजना स्थल पर पुल निर्माण के लिए संरचनात्मक स्टील का निर्माण शामिल है।'

### एसबीआई का लक्ष्य शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना




**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने रविवार को कहा कि बैंक 2055 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन होने का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि उस समय बैंक अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाएगा। शेट्टी ने वित्तीय राजधानी मुंबई में 'एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन-5' कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने के बाद यह टिप्पणी की। यहां आयोजित इस आयोजन में पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर वर्ग में 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

# क्रिप्टो की दुनिया में बड़ी चोरी, हैकर्स ने उड़ाए 13,000 करोड़ रुपए के इथेरियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिप्टो की दुनिया में एक बहुत बड़ी चोरी हुई है। क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट से 1.5 अरब डॉलर (करीब 13 हजार करोड़ रुपए) की डिजिटल करेंसी गायब हो गई है। यह इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टो चोरियों में से एक है। इससे पहले भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स से भी दो हजार करोड़ रुपए की चोरी हुई थी।

कंपनी के सीईओ बेन झोउ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस चोरी के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि एक हैकर ने बायबिट के एक ऑफलाइन इथेरियम वॉलेट पर कब्जा कर लिया। इसके बाद कई ट्रांजेक्शन करके पैसों की चोरी की गई। बिटकॉइन के बाद इथेरियम दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी है।

बेन झोउ ने यह भी बताया कि बायबिट के हॉट वॉलेट, वार्म वॉलेट और बाकी सभी ऑफलाइन वॉलेट सुरक्षित हैं। पैसे निकालने का काम भी सामान्य रूप से चल रहा है। बायबिट एक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज है जिसके दुनिया भर में 60 मिलियन (6 करोड़) से ज्यादा यूजर्स हैं।

इस चोरी के बाद बायबिट के यूजर्स घबरा गए। उन्हें लगा कि कहीं कंपनी दिवालिया तो नहीं हो जाएगी। इसलिए लोगों ने जल्दी-जल्दी अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। हालांकि, झोउ ने कहा, 'बायबिट दिवालिया नहीं होगा। चाहे यह पैसा वापस मिले या नहीं। कस्टमर का पैसा सुरक्षित है। हम इस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं।'

## बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की डिजिटल करेंसी की चोरी हुई

### भारतीय एक्सचेंज पर भी हुआ था अटैक

पिछले साल जुलाई में भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज वजीरएक्स पर सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ था। इसमें 235 मिलियन डॉलर (करीब दो हजार करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ था। इस हमले का भी पता उत्तर कोरियाई हैकर्स पर लगा था। उस समय वजीरएक्स के को-फाउंडर निश्चल शेट्टी ने कहा था, 'हमें यकीन है कि यह (उत्तर कोरिया का) लाजरस ग्रुप हो सकता है।'




### उत्तर कोरिया के हैकर्स पर शक

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इलिप्टिक के विश्लेषकों ने इस हमले को उत्तर कोरिया के लाजरस ग्रुप से जोड़ा है। यह एक सरकारी हैकिंग ग्रुप है जो क्रिप्टोकरेंसी इंडस्ट्री से अरबों डॉलर चुराने के लिए बदनाम है।

## विशेषज्ञों ने कहा, सोने का प्रदर्शन इक्विटी व बांड से बेहतर

# सोने ने इस साल अब तक दिया 11% का रिटर्न, नए निवेश पर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है। इस साल सोने का दाम कुल 11.20 प्रतिशत चढ़ा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज सर्विसेज लि. के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। हालांकि, कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए, इस

## वैश्विक अनिश्चितता का दौर आगे भी जारी रहने की संभावना



### सोना एक सुरक्षित निवेश

मोदी ने कहा, ''निवेशकों को हमेशा एक विविध पोर्टफोलियो यानी निवेश के विभिन्न उत्पादों में पैसा रखने की सलाह दी जाती है। सोना एक सुरक्षित परिसंपत्ति है और अपेक्षाकृम कम अस्थिर वस्तु है, जिससे निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को संतुलित रखने में मदद मिलती है।''

### सोने ने पहले 50 दिन में 11.2 फीसदी का रिटर्न दिया

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, एमसीएक्स वायदा में सोना इस साल के पहले 50 दिन में ही 11.2 प्रतिशत की अच्छी बढ़त के साथ 77,500 रुपये से बढ़कर 86,200 हो गया हैं। पिछले साल, सोने में लगभग 27 प्रतिशत का उछाल आया था। इसका मतलब है कि जनवरी, 2024 से अब तक इसमें 38 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

### सरकारी स्वर्ण बांड बेहतर

कलंत्री ने कहा, 'सोने में निवेश विकल्प आपके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम लेने की क्षमता, नकदी की जरूरतों और निवेश अवधि पर निर्भर करता है। यदि आप कर लाभ और ब्याज आय चाहते हैं, सरकारी स्वर्ण बांड अच्छा है।

### प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे

यह पूछे जाने पर कि सोने में निवेश के लिए भौतिक रूप से सोना खरीदना, स्वर्ण बॉन्ड, ईटीएफ या सोने में निवेश से जुड़े म्यूचुअल फंड में से क्या बेहतर है, मेहता इक्विटीज के कलंत्री ने कहा, ''प्रत्येक विकल्प के अपने फायदे और नुकसान हैं।

### सोना हमेशा ही रिटर्न देता रहा

कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कोलिन शाह ने कहा, ''सोना ऐसी संपत्ति श्रेणी में है जो हमेशा ही रिटर्न देता रहा है। चाहे महंगाई हो या आर्थिक अनिश्चितता, सोने ने निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए एक मजबूत ढाल प्रदान किया है। इसलिए, इस वर्ष के केवल दो महीनों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ, सोना निश्चित रूप से वर्तमान समय में निवेश और रिटर्न के मामले में एक बहुत ही पसंदीदा और उपयुक्त विकल्प है।'

### निवेशकों को निवेश में संतुलन बनाना होगा

यह पूछे जाने पर कि शेयर और बांड तथा अन्य निवेश उत्पादों की तुलना में सोना बेहतर निवेश विकल्प है या निवेशकों को संतुलन बनाना चाहिए, कलंत्री ने कहा, ''हाल के वर्षों में, सोने ने इक्विटी और बांड दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर रुपये के साथ, यह रुख जारी रहने की संभावना है।

# मुथूट फाइनेंस ने वित्तीय सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया

हरिभूमि न्यूज : नई दिल्ली

दो बेहद सफल सीजन के बाद, भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी मुथूट फाइनेंस सुनहरी सोच सीजन 3 के साथ वापस आ गई है, जो गोल्ड लोन से जुड़ी मिथकों को तोड़ने और लाखों लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक शक्तिशाली आंदोलन है। कथावाचक के रूप में दिग्गज माधुरी दीक्षित के साथ, यह सीजन मुथूट फाइनेंस के ग्राहकों की असाधारण वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियां बताता है, जिन्होंने अपने सोने को अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता के इंजन में बदल दिया। 24 फरवरी 2025 से रेडियो सिटी 91.1 एफएम और मिर्ची 98.3 एफएम पर लाइव होने वाला यह अभियान वास्तविक जीवन के ग्राहकों की प्रेरणादायक गवाही को जीवंत करेगा, जिससे यह संदेश पुष्ट होगा कि गोल्ड लोन केवल उधार लेने के बारे में नहीं है, बल्कि गरिमा और गर्व के साथ सपनों को सशक्त बनाने के बारे में है।




### क्षेत्रीय विस्तार के साथ राष्ट्रव्यापी प्रभाव

अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, सुनहरी सोच सीजन 3 को 64 रेडियो स्टेशनों पर प्रचारित किया जाएगाए जिसे 100 से अधिक शीर्ष आरजे द्वारा प्रवर्तित किया जाएगा। अपनी क्षेत्रीय पहुंच का विस्तार करने के लिए, अभियान में आरजे रौनक, सुदेश भोसले, मनोज जोशी और जीशु सेनगुप्ता जैसी प्रभावशाली आवाजें शामिल होंगी, जो हिंदी, गुजराती, मराठी और बंगाली में चुनिंदा कहानियां सुनाएंगे। मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि इन वास्तविक जीवन के ग्राहकों की गवाही के वीडियो मुथूट समूह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए जाएंगे। सोना सिर्फ एक संपत्ति नहीं है, यह अवसरों का एक वित्तीय प्रवेश द्वार है।

# ताइवान की डेल्टा भारत में कर रही 50 करोड़ डॉलर का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइवान स्थित डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर रही है। इसकी घोषणा 2015 में की गई थी। यह निवेश कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने किया है। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में एक




सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में घरेलू बाजार में प्रवेश करने के बाद से अपनी भारतीय शाखा के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अध्यक्ष बेंजामिन लिन ने ग्रेटर नोएडा में आईईईएमए द्वारा आयोजित 'इलेक्रामा 2025' में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने 2003 में भारतीय बाजार में प्रवेश के बाद से अपनी भारतीय इकाई के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किया है।

लिन ने कहा, "भारत डेल्टा के लिए एक प्रमुख बाजार है और हम अपने उन्नत समाधानों के साथ इसके औद्योगिक और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ऊर्जा के ढ़ांचे में भारत को आत्मनिर्भर करना

लिन द्वारा पेश प्रस्तुति के अनुसार, कंपनी भारत में 50 करोड़ डॉलर का निवेश करने की प्रक्रिया में है, जिसमें कृष्णगिरि सुविधा का विस्तार भी शामिल है। इस निवेश के माध्यम से हमारा लक्ष्य वैश्विक उद्योग मानकों में योगदान करते हुए स्मार्ट विनिर्माण और ऊर्जा बुनियादी ढांचे में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है।"

# शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी।'

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

### शुल्क की चिंताएं बाजार पर हावी

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत का नुकसान रहा। कोटक सिक्योरिटीज के प्रमुख (इक्विटी शोध) श्रीकांत चौहान ने कहा, ''जवाबी शुल्क की चिंताएं वैश्विक और भारतीय बाजार पर हावी हैं।'' उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क के मोर्चे पर खबरें बाजार को प्रभावित करेंगी।

# आईटी क्षेत्र में वेतन वृद्धि सीमित रहने का अनुमान

एजेंसी : नई दिल्ली

भारत के 250 अरब अमेरिकी डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र में चालू वित्त वर्ष में वेतनवृद्धि सीमित रहने की संभावना हैं। विशेषज्ञों ने यह राय जताते हुए कहा कि आईटी क्षेत्र को इस समय वैश्विक अनिश्चितताओं, बदलते कौशल की बढ़ती मांग तथा कृत्रिम मेधा (एआई) की बढ़ती स्वीकार्यता जैसी अनिश्चितताओं से जूझना पड़ रहा है।

उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में औसत वेतन वृद्धि 4-8.5 प्रतिशत होगी, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय कमी है। यह अधिक व्यावहारिक रणनीतियों की ओर बदलाव का संकेत है। वेतन वृद्धि के बजाय कंपनी में रुकने के लिए बोनस, ईएसओपी और परियोजना-आधारित प्रोत्साहन को मुआवज़ा रणनीतियों के रूप में लागू किया जा रहा है।'' रीड एंड विलो की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जानू मोतियानी ने भी इसी तरह की अपेक्षित वृद्धि सीमा बताई। मोतियानी ने कहा कि वेतन वृद्धि पांच से 8.5 प्रतिशत के बीच रहेगी। उन्होंने कहा कि दो अंक में वेतन में बढ़ोतरी के दिन अब पीछे रहे गए है, कम-से-कम फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। यह क्षेत्र में सतर्क स्थिति को दर्शाता है।

# एंजल कोष में निवेशकों का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रहा सेबी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) की परिभाषा का विस्तार करने और 200 निवेशकों की सीमा को हटाने पर विचार कर रहा है, जिससे एंजल कोष को मान्यता प्राप्त निवेशकों के व्यापक समूह तक पहुंच मिल सके।

इस कदम से अधिक धनी निवेशक भाग ले सकेंगे, जिससे स्टार्टअप के लिए वित्तपोषण बढ़ेगी। यह सुनिश्चित करता है कि केवल वित्तीय रूप से मजबूत निवेशक ही उच्च जोखिम वाले निवेश करें, जिससे एंजेल कोष को अधिक पूंजी जुटाने और शुरुआती चरण की कंपनियों का समर्थन करने में मदद मिलती है। एन्जेल कोष एक प्रकार का उद्यम पूंजी कोष है, जो स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए निवेशकों से धन जुटाता है। हालांकि, निवेशकों की जोखिम क्षमता के अपर्याप्त सत्यापन, मजबूत वित्तीय समर्थन के बिना बड़ी संख्या में निवेशकों को शामिल करने, तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निजी नियोजन विनियमों के साथ संभावित टकराव के बारे में चिंताएं व्यक्त की गई हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पहले प्रस्ताव दिया था कि केवल मान्यता प्राप्त निवेशकों (एआई) को ही एंजल कोष में निवेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## क्यूआईबी में 200 निवेशकों की सीमा हटाने पर विचार




### संशोधन पर प्रतिक्रिया मांग रहा सेबी

अब, नियामक मान्यता प्राप्त निवेशकों को शामिल करने के लिए क्यूआईबी की परिभाषा में संशोधन करने पर प्रतिक्रिया मांग रहा है, विशेष रूप से निवेश के अवसर प्रदान करने और एंजल फंड के माध्यम से निवेश आवंटित करने के लिए। इसके अलावा, सेबी ने एंजल कोष के लिए 200 निवेशकों की सीमा को हटाने का प्रस्ताव दिया है।

**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: MCCPL/COAL LOADING/2024-25/010

**Description of work:**

We, Maruti Clean Coal and Power Limited, are operating our 1X300 MW Thermal Power Plant at Village - Bandhakhar, Tehsil - Pali, District - Korba (Chhattisgarh). We are inviting bids from interested experienced Transport Service Providers/Agencies for Coal loading into Tippers/Trucks for our 1x300MW Thermal Power Plant, Bandhakhar at..

1. Different SECL mines in Korba Area and/or MCCPL Ratija Washery.
2. Any other Mines (State of CG, Odisha & Maharashtra).

Above works may be awarded to one or more than one Transport Service Providers/Agencies.

**Pre-Qualification Criteria:** Transport Service Provider/Agencies should have successfully completed same or similar nature work for Thermal Power Plant in India. Work Order along with Work Completion /Performance certificate from the respective employer need to be submitted. Transport Service Provider/Agencies should have ownership of adequate number of the loading equipment/Front End Loaders required for the work.

Tender Document will be issued on written request of eligible Transport Service Provider/Agencies. Transport Service Provider/Agencies should submit Pre-Qualification Criteria documents along with the request.

Interested Transport Service Provider/Agencies may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time:

Tender document available:

From 24/02/2025 at 11.00 Hrs. to 05/03/2025 at 17.00 hrs.

Last date of Bid submission: 05/03/2025 at 17.00 hrs.

**Address: MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

Village-Bandhakhar, PO- Nunera, Tehsil-Pali,

District- Korba-495449, Chhattisgarh

Contact Person: Mr. Deepak Kumar Pattanaik-9692159526

**-S/D-**

**Maruti Clean Coal and Power Limited**

**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref. No: MCCPL/COAL TRANSPORTATION/2024-25/009

**Description of work:**

We, Maruti Clean Coal and Power Limited, are operating our 1X300 MW Thermal Power Plant at Village - Bandhakhar, Tehsil - Pali, District-Korba (Chhattisgarh). We are inviting bids from interested experienced Transport Service Provider/Agencies for Transportation of Coal Approx. 1,50,000 MT/Month for our 1x300MW Thermal Power Plant, Bandhakhar from...

1. Different SECL mines in Korba Area to MCCPL Ratija Washery and/or to our Plant at Village - Bandhakhar, Tehsil - Pali, District-Korba (Chhattisgarh).
2. Any other Mines (State of CG, Odisha & Maharashtra) to out plant at Village-Bandhakhar, Tehsil - Pali, District - Korba (Chhattisgarh).

Above works may be awarded to one or more than one Transport Service Providers/Agencies.

**Pre-Qualification Criteria:** Transport Service Provider/Agencies should have successfully completed same or similar nature work in Thermal Power Plant in India. Work Order along with Work Completion/Performance certificate from the respective employer need to be submitted. Transport Service Provider/Agencies should have ownership of a fleet of minimum 50 Nos. of the tipping trucks/trucks required for the work.

Tender Document will be issued on written request of eligible Transport Service Provider. Transport Service Provider should submit Pre-Qualification Criteria documents along with the request.

Interested Transport Service Provider may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time:

Tender document available: From 24/02/2025 at 11.00 Hrs. to 05/03/2025 at 17.00 hrs.

Last date of Bid submission: 05/03/2025 at 17.00 hrs.

**Address: MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

Village-Bandhakhar, PO- Nunera, Tehsil-Pali, District-Korba-495449, Chhattisgarh

**Contact Person:** Mr. Deepak Kumar Pattanaik-9692159526

**-S/D-**

**Maruti Clean Coal and Power Limited**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### विस अध्यक्ष, मंत्री-...

80-85 फीसदी तक पूरा हो चुका है। जून माह तक बचा हुआ स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होगा। वही इसके बाद इंटीरियर का काम शुरू होगा। बताया गया है कि स्ट्रक्चर निर्माण तेजी से चल रहा है। सदस्यों के लिए नए विधानसभा का सदन 200 विधायकों की क्षमता के हिसाब से निर्माण किया गया है। यहां पर उसके हिसाब से स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। **200 सदस्य बैठ सकेंगे** - नया रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदन में सदस्यों की बैठक क्षमता 200 होगी। नए विधानसभा भवन के एक विंग में विधानसभा सचिवालय, दूसरे में विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री का कार्यालय तथा तीसरे विंग में मंत्रियों के कार्यालय होंगे। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। आर्ट गैलरी, अस्पताल, बैंक और पोस्ट आफिस जैसी मूलभूत अत्याधुनिक सुविधा के साथ ही। 700 कारों की पार्किंग क्षमता वाले परिसर में डेढ़-डेढ़ एकड़ को दो सरोवरों का निर्माण भी प्रस्तावित है। **सोलर पैनल हुए शिफ्ट** -नवीन विधानसभा भवन में स्मार्ट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। जहां-जहां रात में प्रकाश की आवश्यकता कम होगी, वहां आटोमेटिक लाइट बंद हो जाएगी। विधानसभा सौर ऊर्जा से संचालित हो, इसके लिए सोलर पैनल शिफ्ट किए गए हैं। विधानसभा भवन के हॉल को छत्तीसगढ़ के संस्कृति, 3डी पेंटिंग, दरवाजों पर कलाकृति, बस्तर आर्ट, जशपुर आर्ट, एलईडी द्वारा प्रदर्शिनी आदि से सुसज्जित किया जाएगा। **ग्रीनरी के लिए रोपेंगे पौधे** -नवीन विधानसभा परिसर हरित वातावरण से सुसज्जित हो, इसके लिए यहां अधिक से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। परिसर में बागवानी के पौधों के अलावा प्रदेश के मुख्य वृक्षों महुआ, कुसुम, साल और सागौन जैसे पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके अलावा विधानसभा भवन को छत्तीसगढ़ की संस्कृति बस्तर आर्ट, जशपुर आर्ट से सुसज्जित किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के इतिहास...

होंगे। विधानसभा में विधायक के रूप में कवासी लखमा की मौजूदगी इस मायने में महत्वपूर्ण होती रही है कि वे अशिक्षित होने के बावजूद सदन में बड़े-बड़े नेताओं के बीच अपनी बातें बखूबी रखने के माहिर हैं। वे कागज पर न लिख सकते हैं, न लिखा हुआ पढ़ सकते हैं, लेकिन उन्हें जो बातें कहनी होती हैं, उसे तारीख और वर्ष के संदर्भ के साथ सामने रखते रहे हैं। यही नहीं, अगर बात बस्तर की हो या आदिवासी समुदाय के हित-अहित की हो, कवासी अपनी बात पूरे दमखम से करते रहे हैं। एक और बात ये कि उनका बोलने का अंदाज ठेठ देसी और सरल अंदाज के साथ कभी मजाकिया तो कभी गंभीर भी होता रहा है, लेकिन अब के बजट सत्र में उनकी यह शैली के बिना सत्र चलेगा। **सत्र के लिए नहीं मिली अनुमति** -कवासी लखमा पिछले करीब एक माह से जेल में हैं। उनके खिलाफ राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इस सरकार में श्री लखमा खुद आबकारी मंत्री रहे हैं। आरोप है कि उनके कार्यकाल में शराब का करीब ढाई हजार करोड़ के घोटाले का मामला ईडी ने बनाया है। इस मामले में जेल जाने के बाद श्री लखमा ने अदालत में आवेदन देकर बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी थी, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली है।

### 1998 से विधायक...

2018 और 2023 के विधानसभा में लगातार जीते हैं। सरपंच पद से राजनीति शुरू करने वाले आदिवासी नेता श्री लखमा केवल 2024 का लोकसभा चुनाव हारे हैं।

### विस का धमाकेदार...

दिन सरकार द्वारा तृतीय अनुपूरक अनुमान पेश किया जाएगा। उसके बाद सभी सदस्य निर्माणाधीन नए विधानसभा परिसर का निरीक्षण करने जाएंगे। सत्र के दौरान 3 मार्च को वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट पर सामान्य चर्चा 4-5 मार्च को होगी। 6 मार्च से विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।

### विधायकों को लंदन...

विधायकों की टीम बनाकर प्रशिक्षण के लिए लंदन और सिंगापुर ले जाने पर भी विचार चल रहा है।

### सबसे बड़े मुकाबले ...

जीत लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। अब भारत का सामना ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबले में दो मार्च को न्यूजीलैंड से होगा।

### राष्ट्रीय अधिवेशन ...

अधिवेशन में महात्मा गांधी के अध्यक्ष बनने की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

### पंचायत चुनाव का ...

निर्वाचन 2025 में शामिल हैं। निर्विरोध निर्वाचन भी राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पंच पदों के 68 और सरपंच पद के 1 स्थान के लिये सभी नामनिर्देशन पत्र खारिज हो गए हैं। पंच पद के 74 हजार 310, सरपंच पद के 448, जनपद पंचायत सदस्य के 41 और जिला पंचायत सदस्य के 1 पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इस प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों के कुल पंच पद के 85 हजार 188, सरपंच पद के 11 हजार 181, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 932 और जिला पंचायत सदस्य के 432 स्थानों पर सविरोध तीन चरणों में निर्वाचन हो रहा है।

सीएम साय ने सपरिवार किया मतदान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जशपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल के शासकीय प्राथमिक शाला बगिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-45 में मतदान किया। मतदान केंद्र में कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उनकी माताजी जसमनी देवी, धर्मपत्नी कौशल्या साय, भाई विनोद साय सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। प्रदेश की समृद्धि और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

**पैसे बांटते पकड़ा गया...--**

जशपुर में पंचायत चुनाव के एक प्रत्याशी के समर्थकों को ग्रामीणों ने पैसे बांटते पकड़ा। बताया गया है कि ग्रामीणों ने प्रतिबंधित समय रात में 2.30 बजे गांव में पैसे बांटते हुए 52,300 रुपए के साथ पकड़ा। यहीं दो युवक और दो कार ब्रेजा और बोलोरो को ग्रामीणों ने रोक लिया।

### सीएम साय ने ...

निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उनकी माता श्रीमती जसमनी देवी, धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, भाई विनोद साय सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। प्रदेश की समृद्धि और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

### कवर्धा में बवाल...

काउंटर केस दर्ज किया।

बघेल बोले-13 मतगणना केंद्रों में गड़बड़ी

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान समाप्त हो गया है। इस बीच कवर्धा में बैगा आदिवासी महिला जगनी कामू की चुनाव में हार पर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 13 मतगणना केंद्रों में गड़बड़ी हुई है। यह सब गृहमंत्री विजय शर्मा के इशारे पर हो रहा है। बघेल ने कहा कि चुनाव में इस तरह की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा को याद रखना चाहिए कि वे राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र और बैगा जनजाति के उम्मीदवार के साथ ज्यादती कर रहे हैं। वहीं, भाजपा ने कहा कि ये सभी आरोप झूठे हैं। चुनाव हारने वाली जगनी कामू छत्तीसगढ़ की पहली बैगा महिला हैं, जिन्होंने आजादी के बाद चुनाव लड़ा।

### खूंखार नक्सली ...

केंद्र पहुंच गए थे। कुख्यात नक्सली कमाण्डर हिड़मा के गाँव पूवर्ती में उसके घर के बगल में ही मतदान केंद्र बनाया गया है। पहले ऐसा समय था कि ग्रामीण हिड़मा के नाम से खौफ़ में आ जाते थे और वोट डालने के लिए अपने घरों से नहीं निकलते थे। आज उसी गाँव के मतदाता पंचायत चुनाव के लिए बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिए। मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के सुदूर माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चुनाव एवं मतदान कार्य शांतिपूर्ण ढंग से कराने में जुटे रहे।

गांव में पहली बार वोट देने युवा मतदाता रहे उत्साहित

कोंटा जनपद के घोर माओवाद प्रभावित ग्राम पूवर्ती में उत्साह के साथ महिला, पुरुष, बुजुर्ग एवं नवीन मतदाता ने मतदान किया। युवा जोगा मड़कामी, डोड्डी लालु, संतोष बोड़के, बड़दरस बोड़के और अन्य मतदाता भी वोट डालने पहुंचे। पूवर्ती निवासी 18 वर्षीय जोगा मड़कामी पहली बार गांव में मतदान करने पहुंचा। उन्होंने कहा कि गांव में मतदान केंद्र खुलने से हम लोग बहुत खुश हैं। अपने गांव में ही भयमुक्त माहौल में मतदान कर रहे हैं।

सालभर पहले तक नक्सलियों का था खौफ

पूवर्ती गांव चिमलीपेंटा का आश्रित गांव है। सालभर पहले तक इस गांव में नक्सलियों खौफ था। अब सुरक्षाबलों ने इस गांव में डेरा जमा लिया है। फोर्स का कैंप खुलते ही ग्रामीणों का आधार कार्ड बना, वोटर आईडी कार्ड बनवाया गया। जिसके बाद पहली बार यहां मतदान हुआ।

### गोद में बच्चे ...

बार मतदान हुआ है। गांव के विकास के लिए वोट करना आवश्यक है। पंचायत चुनाव को लेकर हम सब बहुत ख़ुश हैं।

### देश के हर...

से लड़ने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। आने वाले समय में कैंसर की दवाओं को और सस्ता किया जाएगा। अगले तीन सालों में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। पीएम ने कहा कि यहां जांच और आराम करने की सुविधा होगी। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में प्रस्तावित कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह के मौके पर पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐलान किया है कि इस अस्पताल में प्रधानमंत्री मोदी की मां के नाम पर एक वार्ड होगा। बागेश्वर धाम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने रिमोट के जरिए प्रस्तावित साइंस और रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया।

### भ्रष्टाचार निवारण कानून...

पीठ ने कहा कि प्रारंभिक जांच का उद्देश्य प्राप्त सूचना की सत्यता की पुष्टि करना नहीं है, बल्कि केवल यह पता लगाना है कि क्या उक्त सूचना से किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने का पता चलता है। पीठ ने 17 फरवरी को दिए अपने फैसले में कहा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत हर मामले में प्रारंभिक जांच अनिवार्य नहीं है। इसमें कहा गया है, यदि किसी वरिष्ठ अधिकारी के पास स्रोत सूचना रिपोर्ट है, जो विस्तृत और तर्कपूर्ण है तथा जिसके बारे में कोई भी विवेकशील व्यक्ति यह विचार कर सकता है कि प्रथम दृष्टया यह संज्ञेय अपराध का खुलासा करती है, तो प्रारंभिक जांच से बचा जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक सरकार द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें राज्य उच्च न्यायालय के मार्च 2024 के फैसले को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस थाने द्वारा एक लोक सेवक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कथित अपराधों के लिए दर्ज की गई प्राथमिकी को खारिज कर दिया था। लोक सेवक पर अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925



बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी सुखौना टेबलेट 20 वर्षों से प्रसिद्ध HMS देखकर खरीदें 94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा

सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com

हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-अम्बे ग्रुप बिलासपुर में रियल एस्टेट फर्म में टेलीकॉलिंग हेतु 4 लड़की, मार्केटिंग फील्ड हेतु 4 लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें-राजकिशोर नगर बिलासपुर 7987236607, 8234952997 **(36924)**

**आवश्यकता है**-ड्राइवर चाहिए माल वाहक ऑटो चलाने के लिये ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सोनथलिया एजेन्सीज व्यापार विहार बिलासपुर 07752 405725 **(36919)**

**आवश्यकता है**-एकाउंटिंग हेतु महिला/ युवती चाहिए एवं हमाली हेतु लड़कों की जरूरत है वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इंडस्ट्रीज चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज के पास इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 9755107990 **(36918)**

**आवश्यकता है**-सामान निकालने एवं पेमेंट वसूली हेतु कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- नमन इंटरप्राइजेज एंड कंस्ट्रक्शन त्रिवेणी भवन, पानी टंकी के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 7049063402, 8109333081 **(36915)**

**आवश्यकता है**-रिसेप्शनिस्ट (कम्प्यूटर नॉलेज अनिवार्य) एवं सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अंकुर ट्रामा सेन्टर एण्ड नर्सिंग होम उसलापुर रोड बिलासपुर 9827162325, 7400730011 **(36914)**

**आवश्यकता है**-बम्पर भर्ती OMMI मल्टीनेशनल कम्पनी को 140 से अधिक लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है आय 10500 से 18500 प्रतिमाह आवास, खाना फ्री परमानेन्ट जॉब पता- दीपसागर कालोनी बिलासपुर 80034 02269, 9519393913 **(36922)**

**टेक्सटाईल रिपनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध। पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग। संपर्क करें। 8462933820 8357065592

**आवश्यकता है**-थोक दवाई एजेन्सी में माल निकालने, पैकिंग, जमाने करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर चाहिए इच्छुक सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर **(36920)**

**आवश्यकता है**-हम अपने प्रियजनों के लिए अनुभवी, विश्वसनीय होम केयर नर्स की तलाश में है। जो टीटी, सक्शन, दवाई एवं 10 से 12घंटे की सेवा दे सके योग्य नर्स अथवा सिफारिश हेतु सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर राजीव विहार बिलासपुर 9109574002, 8349807004 **(36923)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में काम के लिए मेहनती कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 10000 रहना खाना निःशुल्क सम्पर्क करें- बिलासपुर 9827940898, 9406390898 **(36917)**

**आवश्यकता है**-टेन्ट हाउस में गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 9827189233 **(36911)**

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग कार्य के लिए शिक्षित युवक एवं दुकान कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विकास प्लाइवुड रघुराज स्टेडियम के पीछे इमलीपारा रोड बिलासपुर 9827950292 **(36906)**

**आवश्यकता है**-महिला कम्प्यूटर, टैली एकाउंट हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग, पीए, आफिस वर्क, चाय+ सफाई पुरुष- मेडिकल मशीन/ ऑर्थो आर्थोपेडिक समान मार्केटिंग एंड सर्विस (अनुभव अनिवार्य नहीं), समान लाने लेजाने हेतु पुरुष, गार्ड (रात+ डॉग हेतु), कार ड्राइवर 14000 से 20000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम MIG-70, नेहरू नगर बिलासपुर 7879177222 पिनाका मेडिकल, Sec-11, कमल विहार, रायपुर 96854 89247 **(36905)**

**आवश्यकता है**-FMCG मार्केटिंग, डेलिवरी, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फुल टाइम ड्राइवर हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 92028 50834, 9826168253 **(36878)**

**आवश्यकता है**-सीमेन्ट की मार्केटिंग करने के लिए अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है जिसे 3वर्ष का अनुभव हो को प्राथमिकता आकर्षक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 99934 43207, 9300307926 **(36921)**

**आवश्यकता है**-विज्ञापन एजेंसी में ड्राईवर,इलेक्ट्रीशियन फ्लैक्स माउंटिंग हेतु लडकों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी15 ग्राउंड फ्लोर नारायण प्लाजा, बिलासपुर 8770168534, 97523 90684 **(36902)**

**आवश्यकता है**-नेशनल मेडिकोज में जमीन एवं राजस्व के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है सम्पर्क करें नागरिक सहकारी बैंक के पास बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7987972716**(36886)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर की निर्माणाधीन कालोनी में सिविल कॉन्ट्रेक्टर की आवश्यकता है (1) ईट जोड़ाई कार्य-10 (2) मकान प्लास्टर -15 (3) शटरिंग-10 (4) लोहार-10, सम्पर्क करें- 7999245462, 79700 10956, 7970010973 **(36881)**

**Wanted-Teachers** Required- St. Paul's School, Tifra (1) Vice Principal (B.Ed and M.Ed) (2) English (for Pre Primary and Higher Secondary) (3) Chemistry (4) Physics (5) Biology (6) Sports Teacher (7) Office Accountant. Interview Date 21, 22, 24, 25 Feb. (9am to 1pm) Mob. No. 99775 99286, 8109529624 (Fluency in English and Training is must) **(36879)**

**आवश्यकता है**-इंदौर (मप्र) आकर ऑफिस कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़को की आवश्यकता है सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना+ट्रैवल फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 15000 से 20000 महीना कोई ज्वाइनिंग फीस नही ली जायेगी सम्पर्क करें- 9691458250, 70246 46229, 9575712101 **(306)**

**आवश्यकता है**-कक्षा पहली से पांचवीं तक अंग्रेजी, हिन्दी शिक्षिका की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सुबह 8 से दोपहर 12बजे तक सनराइज पब्लिक स्कूल त्रिवेणी नगर जबड़ापारा सरकंडा बिलासपुर 86027 25057 **(36904)**

**आवश्यकता है**-इनोवा चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है अनुभवी शिक्षित एवं नशा मुक्त, पत्नी के लिए भी काम, रहने के लिए घर उपलब्ध सम्पर्क करें- विद्या चरण वर्मा 7000785661 **(36895)**

**आवश्यकता है**-यूटीएन शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं.-16, फर्स्ट फ्लोर सीएसी. प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 7999594790, 07752-491771 **(36909)**

**आवश्यकता है**-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों और लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6230)**

**आवश्यकता है**-होटल में वेज, नानवेज, चाइनीज आइटम बनाने हेतु अनुभवी कुक, एवं वेटर लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दादर रेस्टोरेन्ट कैफे, सीजी प्लाजा अग्रसेन चौक बिलासपुर 9752048589, 92442 92387 **(36891)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़को की, जो शहर से बाहर जाकर काम करसके योग्यता 10वी, 12वी स्नातक वेतन 10000 +कमीशन +बोनस रहना खाना ट्रैवलिंग फ्री कोई भी शुल्क नहीं लगेगा ट्रेनिंग बाद कमाये 20000 महीना सम्पर्क- 9685388875 74150 22943 **(304)**

**आवश्यकता है**-सिक्युरिटी गार्ड, मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 14500 से 18000 सम्पर्क करें- Tango Security Pvt. Ltd. ऑरेंज हाइव, 6th फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर 8109070600, 7869230888 **(2476)**

**आवश्यकता है**-न्यू डेविल चश्मा दुकान में काम करने हेतु एक लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- न्यू डेविल चश्मा सिम्स हास्पीटल के सामने बिलासपुर 9098444923 **(36912)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर (कोरलड्रा अनुभवी) हेल्पर एवं फ्लेक्स मशीन चलाने हेतु ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- माँ कल्याणी प्रिंटर्स, यश पैलेस के पास करबला रोड बिलासपुर 9893442780, 91099 18498 **(36880)**

**आवश्यकता है**-झाडू, पोंछा, साफ सफाई के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 7000 सम्पर्क करें- बॉडी लाइन फिटनेस मन्नू चौक टिकरापारा बिलासपुर 79876 19998, 9584700660, 9907900881 **(36897)**

**आवश्यकता है**-सुरक्षा एजेंसी में कार्य करने हेतु इच्छुक गार्ड की आवश्यकता है कार्य स्थल कार का शोरूम एवं मैरिज रिसॉर्ट सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 **(3326)**

**आवश्यकता है**-2पद कम्प्यूटर आपरेटर टैली प्राइम एवं फाइनल एकाउन्ट्स के जानकार एवं 5वर्ष से ज्यादा अनुभवी की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रिलायंस ट्रेडलिंक व्यापार विहार बिलासपुर 9300795080 **(36898)**

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के, 10 लड़कियां चाहिए पता- वीआर फर्निशिंग विशाल मेगा मार्ट केएफसी के बाजू में अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड बिलासपुर 98931 27584 **(36892)**

**आवश्यकता है**-यदुनन्दन नगर तिफरा में कंस्ट्रक्शन साइड में चौकीदार की आवश्यकता है जो वही बने गार्ड रूम में रह के काम कर सके वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826314444 **(36883)**

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद 8000 से 10000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- टिकरापारा बिलासपुर 81096 63444, 7222997608 **(3327)**

**आवश्यकता है**-सर्वमंगला एजेन्सी में सेल्समैन एवं ड्राइवर की आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक के पास व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9827976705, 9752394144 **(36877)**

**आवश्यकता है**-जिम में मेंटेनेंस कार्य करने हेतु कुशल कर्मचारी एवं ट्रेनर की आवश्यकता है (मेल/ फीमेल) वेतन- योग्यता अनुसार पता- मंगला चौक बिलासपुर सम्पर्क करें- 9109277444, 96914 32828 **(36888)**

**आवश्यकता है**-कृषि कार्य करवाने हेतु अनुभवी मैनेजर, हिन्दी टाइपिंग हेतु आफिस मैनेजर, वार्डन कार्य अनुभवी मैनेजर, घरेलू कार्य, बुजुर्ग महिला की देखभाल हेतु महिला कार ड्राइवर सफाईकर्मी सम्पर्क करें- 8120879158, 6267249741 **(36876)**

**आवश्यकता है**-होलसेल खिलोना दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्यकता है जिसे खिलोना दुकान मे काम करने, कार्टून पैकिंग का अनुभव हो सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 7711006641, 9753330000 **(36813)**

**आवश्यकता है**-बर्तन दुकान में कार्य हेतु पढ़े लिखे लड़के, लड़कियां चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। (कॉल करें- सुबह 11बजे से रात 9बजे) सम्पर्क करें-इज्जी ट्रेडर्स, वाल्मीकि चौक, शनिचरी बाजार, बिलासपुर 99932 93951 **(36887)**

**आवश्यकता है**-घरेलू काम करने हेतु लड़की चाहिए सुबह 8:30 बजे से शाम 7बजे तनख्वाह- 8000 (रहकर कार्य करने वाले की तनख्वाह 7000) आवास+ खाने की सुविधा पता- नर्मदा नगर बिलासपुर 7869399765 **(36885)**

**आवश्यकता है**-राजेंद्र नगर चौक में हॉस्टल वार्डन हेतु महिला की आवश्यकता है आसपास रहने वाले को प्राथमिकता, नाईट ड्यूटी, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9294545000 **(3328)**

**आवश्यकता है**-टैलीकॉलिंग हेतु 18 से 28 वर्ष तक की महिलाएं चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साईं मंदिर मैग्नेटो मॉल के पास बिलासपुर 8817571731 **(3321)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर आपरेटर सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं से स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई-5.7, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited 434 चतुर्थ तल प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर रायपुर 7746000016, 77470 00019 **(3160)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों/ महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 तक सैलरी 5000+ कमीशन+ बोनस, सम्पर्क करें- मंगला चौक बिलासपुर 80851 06943 **(3329)**

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष की युवतियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- गणेश चौक साईं मंदिर बिलासपुर 89628 19734, 9691610438 **(3320)**

**आवश्यकता है**-टेलीकालिंग ऑफिस कार्य हेतु महिलाएं युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं 12वीं स्नातक समय 9 से शाम 5, सैलरी 5000 से 15000 सम्पर्क करें-स्मार्ट रोड नेहरु नगर गणेश चौक बिलासपुर 7049274510 **(1380)**

**आवश्यकता है**- ऑफिस में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18 से 28 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होली क्रॉस स्कूल के पास मंगला चौक बिलासपुर 7000322273 **(3323)**

**आवश्यकता है**- मैट्रिमोनी में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी- 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- पत्रकार कॉलोनी आरबी हॉस्पिटल के पास 6268331784, 7987392821 **(3322)**

**आवश्यकता है**-मैट्रिमोनी ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है मैट्रिमोनी एक्सपीरियंस होल्डर को प्राथमिकता सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- बाबजी कालोनी के पास महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9993937575 **(36870)**

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## बेचना है

**बेचना है**-हेमू नगर, नारायणी टावर के पीछे गणेश चौक के पास नया मकान 3BHK डुप्लेक्स 3बाथरूम, 2हॉल, कार पार्किंग, किचन, पूजा रूम, 3कमरा मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9098251177, 7000719162 **(36900)**

**बेचना है**- बिलासपुर शहर के प्राइम लोकेशन में रामा वर्ल्ड, रामा वैली, रामा लाइफ मंगला एवं सरकण्डा में प्लॉट, फ्लैट, हाउस सेल करना है प्रॉपर्टी खरीदी बिक्री हेतु सम्पर्क करें- 9977799003, 75669 07050 **(36884)**

**बेचना है**-शहर के प्राइम लोकेशन में स्मार्ट रोड पर स्थित 922 वर्गफिट का प्लाट अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9301673342, 78697 58833 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) **(36903)**

**बेचना है**-हर्ष- फिनिक्ससिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(36177)**

**बेचना है**-घुरू अमेरी में प्रथमेश विहार कालोनी में स्वतंत्र 2BHK मकान नंबर 03 बेचना है खरीददार संपर्क करें-9174086706, 62321 15601 **(36890)**

**बेचना है**- फ्लैट तथा स्वतंत्र मकान बेचना है शैलोम होम्स टावर पूर्ण विकसित सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास 2BHK रेडी पजेशन फ्लैट फॉल सीलिंग सहित कीमत मात्र 22लाख एवं प्राइम लोकेशन 27खोली विष्णु नगर बिलासपुर में 4BHK प्लॉट एरिया 5500 वर्गफुट कंस्ट्रक्शन एरिया 2500 वर्गफुट सर्वेन्ट रूम सहित उपलब्ध। सम्पर्क- 96446 44754, 9752020227 **(36894)**

**बेचना है**-बिलासपुर में (1) मुंगेली नाका के पास DSS काम्प्लेक्स में दुकान (2) कुदुदण्ड स्थित भाग्यश्री अपार्टमेंट में 2BHK फ्लैट (3) रायपुर रोड में जमीन बेचना है सम्पर्क करें-98930 78422 **(36916)**

**बेचना है**- सुपर बाजार का रेक नया कंडीशन में तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 8817587685, 9329337298 **(36889)**

**बेचना है**-तेलीपारा, वृन्दावन कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर में 14×32=448 वर्गफुट की दुकान (जिसमें शोरूम बना हुआ है) बेचना है सम्पर्क करें- 8319402030 **(36893)**

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000 से 50000 प्रतिमाह कमाएं आटो मेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटरप्राईजेस रायपुर-9111760925, 74772 21345, बिलासपुर- 83599 13999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर 78697 55871 **(3194)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# होली से पहले दिवाली... 51वां विराट शतक, चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, देशभर में जश्न का माहौल

## जीत पर जश्न में डूबे देशभर के प्रशंसक


रांची


मेरठ


कानपुर


नई दिल्ली

एजेंसी ▸▸ दुबई

आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी।

जीत के लिए 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिए दो रन और विराट को शतक के लिए चार रन चाहिए थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई। और इसके साथ ही टीवी पर नजरें गड़ाए बैठे करोड़ों भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी खुशी से झूम उठे। लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराए।




## ग्रुप में शीर्ष पर भारत

इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया। पिछले कुछ अर्से से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाए। वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42.3 ओवर में जीत तक पहुंचाया। दूसरी ओर 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान लगभग बाहर हो गया है।



## पंड्या के 4000 रन और 200 विकेट

भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। हार्दिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले छठे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। हार्दिक इस मामले में दिग्गजों में सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, रवि शास्त्री, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन शामिल हैं। हार्दिक ने सऊद शकील का विकेट लेने के साथ ही इस एलीट सूची में खुद को शामिल कर लिया।



## 54+ करोड़ लोगों ने देखा ऑनलाइन

भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबले ने मनोरंजन की सारी हदें पार कर ली हैं। दरअसल, इस मैच को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जियो हॉटस्टार पर प्रसारित किया जा रहा था। जियो हॉटस्टार पर 54 करोड़ से ज्यादा लोग एक वक्त पर इस मैच को देख रहे थे। इसलिए इस मुकाबले को बाकी सभी मुकाबलों से बड़ा कहा जाता है। जब-जब ये दोनों टीमें भिड़ती हैं, ओटीटी हो या टीवी पर ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स, व्यूअरशिप हमेशा चरम पर होता है। इसी लिस्ट में अब दुबई में जारी चैंपियंस ट्रॉफी का भारत-पाकिस्तान मुकाबला भी शामिल हो गया है।

## कप्तान रोहित ने बतौर ओपनर बनाए सबसे तेज 9000 रन

रोहित ओपनर के तौर पर वनडे में सबसे तेजी से 9000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। रोहित सबसे तेजी से ओपनर के तौर पर 9000 रन बनाने की उपलब्धि तक पहुंचे हैं। उन्होंने इस स्थान पर खेलते हुए 181 पारियों में ही ऐसा किया। रोहित ने इस मामले में पूर्व हमवतन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा जिनके नाम 197 पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी।





### बुमराह आईसीसी पुरस्कारों से सम्मानित

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।यह पुरस्कार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए 'टीम कैप (टोपी)' भी सौंपी गई।

## स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इमामुल हक रन आउट | 10 | 26 | 0 | 0 |
| बाबर का राहुल बो पंड्या | 23 | 26 | 5 | 0 |
| शकील का पटेल बो पंड्या | 62 | 76 | 5 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान बो पटेल | 46 | 77 | 3 | 0 |
| आगा का जडेजा बो कुलदीप | 19 | 24 | 0 | 0 |
| तैयब ताहिर बो जडेजा | 04 | 06 | 0 | 0 |
| शाह का कोहली बो राणा | 38 | 39 | 0 | 2 |
| अफरीदी पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शाह का कोहली बो कुलदीप | 14 | 16 | 1 | 0 |
| हारिस रऊफ रन आउट | 08 | 07 | 0 | 1 |
| अबरार अहमद नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 17, योग : 49.4 ओवर में 241/10
**गेंदबाजी :** शमी 8-0-43-0, राणा. 7.4-0-30-1, पंड्या 8-0-31-2, अक्षर 10-0-49-1, कुलदीप 9-0-40-3, जडेजा 7-0-40-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित बो शाहीन शाह अफरीदी | 20 | 15 | 3 | 1 |
| शुभमन बो अबरार अहमद | 46 | 52 | 7 | 0 |
| विराट कोहली नाबाद | 100 | 111 | 7 | 0 |
| अय्यर का इमामुल बो खुशदिल | 56 | 67 | 5 | 1 |
| पंड्या का रिजवान बोअफरीदी | 08 | 06 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 11, योग : 42.3 ओवर में 244/4
**गेंदबाजी :** अफरीदी 8-0-74-2, नसीम 8-0-37-0, हारिस 7-0-52-0, अबरार 10-0-28-1, खुशदिल 7.3-0-43-1, सलमान 2-0-10-0.

## महामुकाबले के लिए लगा सितारों का जमावड़ा

भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में क्रिकेट की दुनिया का सबसे चर्चित मुकाबला खेला जा रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी के इस मैच पर पूरी दुनिया की नजरें लगी हुई हैं और इसी कारण कई दिग्गज हस्तियां इस मैच को देखने पहुंची हैं। दुनिया भर में इस मुकाबले की धूम है और कोई भी इस मैच को छोड़ना नहीं चाहता। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बॉलीवुड हस्तियों से लेकर युवा क्रिकेटर तक इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नजर आए।





### पहले ओवर में शमी ने फेंकी 11 गेंदें

भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी की शुरुआत की, लेकिन उन्होंने पहले ही ओवर में 11 गेंदें फेंकी। शमी पहले ओवर में लय में नहीं दिखे और इस महामुकाबले का दबाव उन पर नजर आया। शमी ने अपने पहले ओवर में कुल पांच गेंद वाइड डाली जिस कारण उनका ओवर काफी लंबा रहा। शमी के पहले ओवर से पाकिस्तान ने छह रन जुटाए जिसमें से पांच रन अतिरिक्त रहे। इसके अलावा एक रन इमाम ने भाग कर लिया।

---

### नई दिल्ली मैराथन
## मान सिंह और भागीरथी बिष्ट बने चैंपियन



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मान सिंह और भागीरथी बिष्ट ने रविवार को यहां 'अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन' दौड़ में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एशियाई मैराथन चैंपियनशिप (2024) के विजेता 35 साल के मान सिंह ने पुरुषों की एलीट श्रेणी के कड़े मुकाबले को दो घंटे 15 मिनट और 24 सेकंड का प्रभावशाली समय के साथ अपने नाम किया। उत्तराखंड की ही भागीरथी ने दो घंटे 48 मिनट और 59 सेकंड के समय के साथ एलीट महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप में जीते 5 स्वर्ण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

थाईलैंड में शनिवार को आयोजित एशिया कप 2025 तीरंदाजी टूर्नामेंट में भारतीय तीरंदाजों ने अपना परचम लहराया। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किया। भारत का नाम रोशन करने वाले इन तीरंदाजों में दो झारखंड राज्य के जमशेदपुर जिले के रहने वाले हैं। जिनमें टाटा आर्चरी एकेडमी के गोल्डी मिश्रा और कर्ण आर्चरी एकेडमी के विष्णु चौधरी शामिल हैं। विष्णु ने टूर्नामेंट में कुल तीन तो वहीं गोल्डी ने एक मेडल जीता है। वहीं, बंगाल की रहने वाली बसंती महतो ने ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

गोल्डी मिश्रा, राहुल राहुल और विष्णु चौधरी की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर शानदार जीत के बाद स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं विष्णु चौधरी ने रिकर्व पुरुष स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने फाइनल में राहुल को 6-2 के स्कोर से हराया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले की बसंती महतो ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे की फोंग यू झू को 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



## कोहली और रोहित खुद तय करें अपना भविष्य

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। सरफराज ने कहा, 'लोगों को विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात भी नहीं करनी चाहिए।'



### टेनिस
## कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव

एजेंसी ▸▸ दोहा

आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-1 से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, 'मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया।' रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।



---

### प्रो लीग में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला आज
# जीत के क्रम को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी।

टूर्नामेंट में औसत शुरुआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4-1 से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नए सत्र में आशातीत शुरुआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3-1 से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2-0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4-1 से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढ़ा होगा।



### महिला टीम के सामने आज नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के खिलाफ मेजबान टीम जीत के करीब थी लेकिन उसे लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा।




# युद्ध लड़ने के लिए बनाया गया था यह रोबोट, अब क्लब में बजा रहा डीजे

एजेंसी ▶▶| कैलिफोर्निया

आज के समय में इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट बनाए जाते हैं। ये रोबोट वो सभी काम करने में सक्षम होते हैं, जिन्हें इंसान कर सकते हैं। हालांकि, कुछ रोबोट्स को खास मकसदों से तैयार किया जाता है। ऐसे ही विशेष रोबोट होते हैं 'वॉर रोबोट', जो युद्ध लड़ने के काम आते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि अमेरिका में युद्ध लड़ने के लिए बनाया गया एक रोबोट अब क्लब में डीजे बजा रहा है।

## फैंटम रोबोट ने डीजे बजाकर जीत लिया सबका दिल

कैलिफोर्निया के शहर सैन फ्रांसिस्को के एक क्लब में हाल ही में डीजे नाइट का आयोजन किया गया था। इस दिन किसी इंसान के बजाय युद्ध के लिए डिजाइन किए गए एक रोबोट ने डीजे बजाया था। इस रोबोट का नाम 'फैंटम' है और इसे फाउंडेशन रोबोटिक्स लैब्स नामक कंपनी ने बनाया है। फैंटम ने टेम्पल नाइट क्लब में 'टेक गीगापार्टी' के दौरान डीजे बजाकर सबका दिल जीत लिया। यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ट्रेड एक्सपो और नेटवर्किंग इवेंट था।




## जानिए किस उद्देश्य से बनाए जाते हैं ये रोबोट

फाउंडेशन रोबोटिक्स लैब्स ने फैंटम को नाइट क्लब में डीजे बजाने के लिए तैयार नहीं किया था। इसे राष्ट्रीय रक्षा और सैन्य उद्देश्यों के लिए बनाया गया था। इस स्टार्टअप के ग्राहकों में ऑटो निर्माता, सैन्य संचालन और निवेश कल विषयक और अमेरिकी रक्षा विभाग शामिल हैं। फैंटम जैसे अन्य रोबोट अमेरिकी सेना में रखरखाव और दूरदराज के क्षेत्रों में विमानों में ईंधन भरने जैसे गैर-लड़ाकू कामों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

## फैंटम से क्यों बजवाया गया था डीजे

इस कंपनी के सह-संस्थापक माइक लेब्लांक ने बताया, हमारा मानना है कि ऐसे रोबोट भविष्य के युद्ध के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इसलिए, ऐसे रोबोट डिजाइन किए जा रहे हैं जो बड़े, तेज और मजबूत हों। फैंटम को डीजे बजाने के लिए इस्तेमाल करने के पीछे भी एक खास वजह थी। कंपनी ऐसा करके यह दिखाना चाहती थी कि ऐसे रोबोट मनोरंजन के लिए भी उपयोग किए जा सकते हैं।

## फैंटम ने 30 मिनट तक बजाया था डीजे

क्लब में मौजूद लोगों ने फैंटम के द्वारा बजाए गए गानों पर डांस किया और उसकी तारीफ भी की। हालांकि, बीच-बीच में संगीत थोड़ा ऑफ बीट भी हो रहा था। इस रोबोट का डीजे सत्र 30 मिनट तक चला और इसके दौरान सभी को आनंद आया। लेब्लांक ने अपने रोबोट की तारीफ करते हुए कहा, हमारे लिए यह एकदम सही अनावरण है, क्योंकि हमारा रोबोट ऐसा ही है। यह एक मजेदार पल है।

रोचक खबरें

## 35 साल की महिला करेगी 80 साल के बूढ़े से शादी




**न्यूयार्क।** उम्र तो बस संख्या है। आजकल के युवाओं में ट्रेंड काफी चल रहा है। खासकर उन लोगों के बीच जिन्हें अपने से बड़ी उम्र की महिलाएं या मर्द पसंद आ जाते हैं। हाल ही में बॉलीवुड एक्टर साहिल खान ने अपने से 22 साल छोटी लड़की से शादी की। इसके अलावा भी देश में मटुकनाथ और जूली जैसे कई एज गैप कपल के कई उदाहरण देखने को मिल जाएंगे। लेकिन विदेशों में तो ये बहुत आम बात होती जा रही है। हालांकि, अमेरिका के विस्कोंसिन की रहने वाली 35 साल की टिफनी की लव स्टोरी कुछ ज्यादा ही अजीब है। जिस उम्र में लोग भगवान का नाम जपते हैं और मरने का इंतजार करते हैं, उस उम्र के पुरुष के साथ टिफनी शादी की तैयारी में जुटी हैं। जी हां, 35 साल की टिफनी को अपने से 45 साल बड़ा 80 साल का एक बूढ़ा पसंद है। टिफनी के इस फैसले के बाद लोग जहां इन्हें बीमार कहने लगे हैं, तो इनके परिवार के लोग भी नाराज हो गए हैं।

■ लोग कहते हैं बीमार फैमिली वाले भी नाराज

### कैसे हुई दोनों की मुलाकात?

टिफनी ने बताया कि वो अपने 80 साल के बॉयफ्रेंड से रिटायर्ड हाउस (एक तरह का वृद्धाश्रम, जहां रिटायर हो चुके लोग रहते हैं।) में मिली थी। इसके बाद वो उन्हें अपने घर लेकर चली आई। लेकिन, जब से टिफनी ने अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। लोग अजीब कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने पूछा है कि उसके पास कितने पैसे हैं? जिसका जवाब देते हुए टिफनी ने लिखा कि मुझे मैकडॉनल्ड्स ले जाने के लिए काफी है। एक अन्य शख्स ने लिखा है कि आप दोनों एक-दूसरे के साथ खुश हैं। ये ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक अन्य ने लिखा है कि ये मत सोचो कि लोग क्या कहते हैं, अपने दिल की सुनो. वैसे आपको बता दें कि टिफनी अक्सर इस तरह बुजुर्गों के साथ वीडियो पोस्ट करती हैं, जिसमें वो उनके काफी करीब होती हैं।

## न सूखा पड़ता न बिजली गिरती ग्राम देवता करते हैं रक्षा



**छतरपुर।** जिले में एक ऐसा गांव भी है जहां प्राकृतिक आपदाओं से गांव सुरक्षित रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव में 3 पीढ़ियों से भी पहले से ग्राम देवता मौजूद हैं। गांव के खेरे तक यहां न तो सूखा पड़ता है और न ही आकाशीय बिजली गिरती है। मुड़ेरी गांव के पुजारी रामकरन शुक्ला बताते हैं कि पहाड़ के ऊपर एक अद्भुत शिला है, जिसके भीतर नंदीश्वर महाराज का स्थान है। दरअसल, नंदीश्वर महाराज ग्राम देवता हैं। नंदीश्वर महाराज के दर्शन करने के लिए सभी लोगों को शिला के द्वार से होकर गुजरना पड़ता है। ये नंदीश्वर महाराज की ही कृपा है कि शिला का द्वार तेजी से बढ़ा है। साथ ही गांव में किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा नहीं आती है, यही ग्राम देवता का चमत्कार है। मान्यता है कि ग्राम देवता नंदीश्वर महाराज 2-3 पीढ़ियों से यहां विराजमान हैं। साथ ही उनके गण भी यहां विराजमान हैं।

### हर साल उठती है शिला

पुजारी बताते हैं कि आज 20 साल पहले शिला के भीतर भी जाना मुश्किल था। लेकिन, अब शिला के भीतर तो प्रवेश करते ही हैं। साथ ही शिला के भीतर भी आराम से लोग बैठे रहते हैं। शिला भीतर से पहले इतनी ऊंची नहीं थी और न ही इतनी जगह थी। लेकिन, अब द्वार के साथ ही भीतर भी शिला बढ़ी है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाते हैं गांव को

गांव के युवा बताते हैं कि आज से 20 साल पहले गांव में आकाशीय बिजली गिरी थी। गांव के आसपास बहुत सारी बिजलियां गिरी थीं तो नंदी महाराज ने गांव में गिरने वाली सभी आकाशीय बिजली को धारण कर लिया था। गांव में किसी की भी जनहानि नहीं हुई थी। साथ ही गांव में कभी सूखा नहीं पड़ने देते हैं। जबकि, गांव के खेरे के बाहर सूखा पड़ जाता है, लेकिन गांव में कभी सूखा नहीं होता है। नंदी महाराज गांव की रक्षा के लिए ही विराजमान हैं।

# धरती की सबसे रहस्यमयी जगह जिसे आज तक किसी ने नहीं देखा

*वॉशिंगटन। धरती पर कई ऐसी रहस्यमयी जगहे हैं, जिनके बारे में बेहद कम लोग ही जानते हैं। इन रहस्यों में कैलाश पर्वत भी शामिल है। कैलाश पर्वत के रहस्यों के बारे में वैज्ञानिकों को भी नहीं पता है। हिंदू धर्म में कैलाश पर्वत का काफी महत्व है। माना जाता है कि कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान है। बताया जाता है कि कैलाश पर्वत के अंदर एक रहस्यमयी दुनिया है, जिसे आज त किसी इंसान ने नहीं देखा है।*



### कैलाश पर क्यों नहीं चढ़ पाता कोई?

कैलाश पर्वत पर किसी व्यक्ति के नहीं चढ़ पाने के पीछे कई कहानियां प्रसिद्ध हैं। कुछ लोग मानते हैं कि अभी भी वहां भगवान शिव, माता पार्वती के साथ रहते हैं। इसलिए, किसी भी जीवित इंसान का पर्वत की चोटी पर पहुंचना नामुमकिन है। माना जाता है कि वहीं इंसान कैलाश पर्वत पर जा सकता है, जिसने अपनी जिंदगी में कभी कोई पाप न किया हो।

### कोई नहीं चढ़ पाया है कैलाश पर्वत पर

इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इस पर्वत पर आज तक कोई चढ़ ही नहीं सका है। इसपर चढ़ने की बहुत लोगों ने कोशिश की, लेकिन कोई चढ़ नहीं पाया। दुनिया के कई पर्वतारोही कैलाश पर्वत पर चढ़ने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह पर्वत माउंट एवरेस्ट से दो हजार मीटर छोटा है। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8848 मीटर है, जबकि कैलाश पर्वत करीब 6638 मीटर ऊंचा है। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर हजारों लोग चढ़ चुके हैं, लेकिन कैलशा पर्वत पर कोई नहीं चढ़ पाया है।

### रेडियोएक्टिव क्षेत्र है

कैलाश पर्वत पर किसी के न चढ़ पाने के पीछे कई वजहें बताई जाती हैं। कहा जाता है कि पर्वत पर थोड़ा सा ऊपर चढ़ते ही व्यक्ति दिशाहीन हो जाता है। वह समझ में ही नहीं पाता है कि जाना कहां है और चूंकि पर्वत पर बिल्कुल खड़ी चढ़ाई है। ऐसे में बिना दिशा का ज्ञान हुए चढ़ाई करना मौत के मुंह में जाने के समान है। कई साल पहले एक पर्वतारोही ने इस पर्वत पर चढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन कहा जाता है कि थोड़ा सा ऊपर जाते ही उसके शंरीर के बाल और नाखून तेजी से बढ़ने लगे और उसे काफी घबराहट होने लगी, जिसके बाद वह नीचे आ गया। कैलाश पर्वत के बारे में कहा जाता है कि वह एक रेडियोएक्टिव क्षेत्र भी है।

**चढ़ने पर है रोक**

फिलहाल कैलाश पर्वत पर किसी के भी चढ़ने पर रोक है, क्योंकि भारत और तिब्बत समेत दुनियाभर के लोगों का मानना है कि यह एक पवित्र स्थान है और पर्वत पर किसी को भी चढ़ने नहीं देना चाहिए। कैलाश पर्वत पर आखिरी बार साल 2001 में पर्वतारोहियों की एक टीम ने चढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन फिर वो चढ़ाई पूरी किए बिना ही वापस लौट आए थे।

# सालों से पिंजरे में कैद है ये पेड़, मजबूर हो गया वन विभाग तो जंजीरों से भी बांधा

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग

आमतौर पशु-पक्षियों को पिंजरे में कैद किया जाता है, क्योंकि पक्षी उड़कर भाग सकते हैं और जानवर पिंजरे से बाहर आकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेकिन, कभी आपने किसी पेड़ को कैद में देखा है? वो भी जंजीरों से जकड़ा हुआ। ये सुनकर आश्चर्य तो जरूर होगा, लेकिन ये सच है। झारखंड के हजारीबाग में ऐसा पेड़ देखा गया, जिसे सालों से कैद रखा गया है, जैसे वह कहीं भाग जाएगा! दरअसल, हजारीबाग के वन विभाग कार्यालय परिसर में एक बेश कीमती लाल चंदन का वृक्ष बड़ा होकर तैयार हो गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह जिले में इकलौता लाल चंदन का तैयार वृक्ष है। इस कारण से इसके चोरी होने का खतरा काफी है। चोरों ने 31 जनवरी 2021 को इस लाल चंदन के पेड़ को चोरी करने की कोशिश की थी। चोरों ने चंदन के वृक्ष के एक हिस्से को काट भी दिया था।

**बहुत महंगी है इस पेड़ की लकड़ी चोरी का डर**


### 8 फीट की ऊंचाई तक घेरा गया



उसके बाद इसकी सुरक्षा अब और बढ़ा दी गई। चोरों के खौफ इतना है कि चंदन के इस बड़े पेड़ को लोहे के पिंजरे में कैद किया गया, जंजीरों से जकड़ा गया, ताकि चोर पेड़ को काट न सकें। अगर, काट भी लें तो लेकर भाग न सके। पेड़ के तने को लगभग 8 फीट की ऊंचाई तक लोहे से घेर दिया गया है। यही नहीं, वन विभाग की इस पेड़ पर विशेष नजर रहती है।

भोलेनाथ खुद बरसाएंगे आशीर्वाद

# महाशिवरात्रि के दिन इन खास शिव मंदिरों में करें दर्शन, चर्म रोग से मिलेगा निजात



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है।जिसके चलते जिले भर के शिव मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बुंदेलखंड का केदारनाथ कहे जाने वाले जटाशंकर धाम और मतंगेश्वर महादेव जैसे मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मतंगेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दिन मेले का आयोजन भी होता है।

छतरपुर जिले से लगभग 55 किलोमीटर दूर भगवान शिव का एक ऐसा अनोखा धाम है, जिसे लोग बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से जानते हैं। वैसे तो इस तीर्थ स्थल को लोग जटाशंकर धाम के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि इस तीर्थ स्थल में भगवान शिव की एक शिवलिंग मौजूद है, जो स्वयंभू हैं। श्री जटाशंकर धाम के युवा पुजारी राजकिशोर बड़गइयां बताते हैं कि इसे बुंदेलखंड का केदारनाथ कहा जाता है। यहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं।

### अपने आप प्रकट हुआ था शिवलिंग

इस धाम के अंदर तीन कुंड मौजूद हैं, जिसमें से ठंडा, गर्म और साधारण पानी आता है। ऐसा माना जाता है कि इन कुंडों में स्नान करने से बड़े से बड़ा चर्म रोग दूर हो जाता है। यही वजह है कि लोग यहां से जल लेकर अपने-अपने घर ले जाते हैं। मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग मौजूद है, जो स्वयंभू हैं। माना जाता है कि, सदियों पहले यह शिवलिंग अपने आप प्रकट हुआ था, जो आज भी ज्यों का त्यों बना हुआ है। पहाड़ियों के बीच घिरा जय शिव धाम ऐसा प्रतीत होता है कि मानो भगवान प्रकृति की गोद में बैठकर लोगों का कल्याण कर रहे हैं।

### लाखों श्रद्धालुओं की उमड़ती है भीड़

जिले के बिजावर तहसील में स्थित श्री जटाशंकर धाम के साथ ही खजुराहो स्थित चंदेलकालीन मंतगेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि के दिन लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। यहां हर साल की भांति इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व मेले का आयोजन होगा. यहां आकर आप महादेव के 18 फुट विशाल शिवलिंग के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

# श्मशान के सामने बना चाय का ठेला, बिना दुकानदार के चल रहा है 100 साल से!

**कोलकाता।** चाय को पसंद करने वालों की कमी पूरी दुनिया में नहीं है। भले ही इसे लेकर तरह-तरह की बातें कही जाती हैं, लेकिन कोई भी इसे छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है। चाय की लाख खामियां जानने के बाद भी लोग इसका स्वाद छोड़ नहीं पाते। यही वजह है कि आप सभी चाय की दुकानों पर बराबर भीड़ देख सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे ही टी स्टॉल के बारे में बताएंगे, जो



100 सालों से चल रही है। श्मशान के सामने मौजूद ये चाय की दुकान 100 साल से भी ज्यादा पुरानी है और अब इस पर कोई दुकानदार नहीं बैठता है। दिलचस्प तो ये है कि इसके बाद भी यहां कभी चोरी नहीं हुई और ग्राहकों की संख्या भी अच्छी-खासी रहती है। ये टी स्टॉल पश्चिम बंगाल में मौजूद है, जिसकी शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी और ब्रू बॉन्ड कंपनी के लिए काम कर चुके नरेश चंद्रा शोम ने की थी। आज तक ये चाय की रेहड़ी इसी तरह चल रही है, लेकिन इस पर कोई दुकानदार नहीं बैठता है।

### बिना दुकानदार के चलती है दुकान

इंस्टाग्राम पर ट्रैवलर इन्फ्लुएंसर आराधना ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल में एक 100 साल पुरानी चाय की दुकान है। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में यह टी स्टॉल चतरा काली बाबू श्मशान घाट के ठीक सामने है। सुबह दुकानदार आता है और टी-स्टॉल खोलकर चला जाता है। इसके बाद कस्टमर आते हैं, खुद ही चाय बनाते हैं और चाय की दुकान के बाहर बैठकर आराम से पीते हैं। वे चाय के पैसे भी वहां रखकर चले जाते हैं। यह एक तरह से ईमानदारी की बड़ी मिसाल कायम करता है।

आयुष्मान भारत योजना से इलाज
मित्तल हॉस्पिटल
कैंसर विभाग
कीमोथेरेपी | कैंसर सर्जरी | रेडियोथेरेपी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी, फोन: 9343079151, 91313 99570
भिलाई: टी.आई. मॉल के पास, फोन: 7722880844, 0788-2294440
रायगढ़: मित्तल एक्स्ट्रा कैंसर यूनिट, एक्स्ट्रा हॉस्पिटल, रायगढ़, फोन: 7880158717, 93291 42501
द्वारा अनुबंधित
ESIC, RAILWAYS, SECL, CGHS, TPA
Deepak Advts.

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल
कैंसर की अत्याधुनिक एवं शीघ्र जांच व डायग्नोसिस करने हेतु कुशल टीम
डॉ सरीन कृष्णा, MBBS, MD
डॉ विलास मेश्राम, MBBS, MD
डॉ शुभम असरानी, MBBS, MD
डॉ आसिफ हुसैन, MBBS, MD
डॉ पार्वती जोशी, MBBS, MD
डॉ अन्नपूर्णा कुमारी, MBBS, DNB
बायोप्सी रिपोर्ट केवल एक दिन में ही!
दावड़ा कॉलोनी, पचपेढ़ी नाका, रायपुर, 7389904010, 7389995010, +91 7714081010, 4061010

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
पेट एवं लीवर सर्जरी विभाग
एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
पैनक्रियाज सर्जरी
हिपेटोपैनक्रियाटिकोबिलेरी सर्जरी
गॉल ब्लेडर स्टोन रिमूवल सर्जरी
कोलोरेक्टल सर्जरी
अपर जी.आई. कैंसर सर्जरी
लीवर ट्रांसप्लांट
डॉ. हितेश दुबे
Counsultant G.I. Surgery & Liver Transplant
M.S. (Gen. Surgery)
DNB (G.I. Surgery)
FNB (Liver Transplant)
डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, आयुष्मान योजना एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर
के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ अब बीएमसी डेकेयर सेंटर में भी उपलब्ध
डॉ. भावना सिरोही
वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट (27 वर्षों से अधिक का अनुभव)
टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई और रॉयल मार्सडेन एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, यूके में प्रशिक्षित
सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें 8282824444
कैंसर का भरोसेमंद ईलाज
मध्य भारत का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल
बीएमसी कैंसर डेकेयर- 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) 8282823333/4444
छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कंपनियों से अनुबंधित
ATUL

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com